दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं...
रांची, शुक्रवार, 26 जनवरी, 2024, माघ कृष्णपक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-275 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

बाहर जाकर किसी और सफल व्यक्तित्व को मत तलाशो और उसकी नकल मत करो

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:31 प्रात:
अस्त : 05:31 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	23.0	07.0
जमशेदपुर	24.0	10.0
हजारीबाग	21.0	07.0
डालटनगंज	23.0	06.0

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

दैनिक नवप्रदेश के पाठकों, शुभेच्छुओं, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दैनिक नवप्रदेश का कार्यालय 26 जनवरी को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

संक्षिप्त खबरें

31 को जीवन रक्षा पदक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने 31 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 प्रदान करने की मंजूरी दी है। इनमें 03 लोगों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, 07 लोगों को उत्तम जीवन रक्षा पदक व 21 लोगों को जीवन रक्षा पदक सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के समन के जवाब में कहा

व्यस्तता के चलते 31 मार्च तक नहीं दे सकता समय

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को जमीन घोटाले के मामले में ईडी का नौवां समन मिलने के बाद ईडी को जवाब भेजा है। मुख्यमंत्री सचिवालय से भेजे गए पत्र के माध्यम से दिये गये जवाब में व्यस्तता का हवाला दिया गया है। मुख्यमंत्री ने 31 मार्च तक पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं रहने की बात कही है।

ईडी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए समन भेजा था। हालांकि, मुख्यमंत्री ने 20 जनवरी को पूछताछ के बाद अपने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से मार्च तक पूछताछ नहीं करने की बात कही थी। इसके बाद ईडी ने मुख्यमंत्री को नौवां समन जारी किया। 20 जनवरी को ईडी अधिकारियों ने सीएम के आवास पर करीब सात घंटे पूछताछ की थी।

उल्लेखनीय है कि वैध तरीके से जमीन खरीद-फरोख्त के मामले में झारखंड, बंगाल व बिहार के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी। ईडी ने सात आरोपितों बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी कागजात तैयार करने वाले अफसर अली, सद्दाम, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, प्रदीप बागची व फैयाज खान को गिरफ्तार किया। ईडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन के मूल कागजात को भी जब्त कर फॉरेंसिक जांच कराई। पता चला कि जमीन के कागजात में रैयत के नाम में फेरबदल किया गया है। इन दस्तावेजों की छानबीन और उनसे जुड़े तथ्यों के सत्यापन को लेकर ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है।

मुख्यमंत्री पहुंचे दुमका, आम लोगों की समस्याओं को सुना

दुमका। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को राजभवन, दुमका में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उसके त्वरित एवं यथोचित निराकरण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यह आपकी सरकार है, जो जन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा यही प्रयास है कि राज्यवासियों की परेशानियों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला सके। इस अवसर पर दुमका जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

दुमका राजभवन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व वहां मौजूद आम लोग तथा जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी।

सीलबंद लिफाफे में भेजा गया संदेश

सीएम सचिवालय से कर्मचारी पत्र लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा। सील बंद लिफाफे में समन का जवाब भेजा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि गुरुवार को रांची सीएम आवास सचिवालय से एक कर्मचारी सीएम का संदेश लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा। ईडी के पिछले समन में मुख्यमंत्री सोरेन से 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए तिथि व जगह निर्धारित कर बताने को कहा है। मुख्यमंत्री ने 20 जनवरी की पूछताछ के दिन मौखिक रूप से ईडी को बताया था कि वह मार्च तक व्यस्त हैं। अगर उनसे पूछताछ ही करनी है तो मार्च के बाद संभव हो पाएगा। ईडी ने मुख्यमंत्री की मौखिक जानकारी को नजरंदाज करते हुए समन कर दिया और इसी माह पूछताछ के लिए एक तिथि निर्धारित कर बताने को कहा है।

सीआरपीएफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना गलत : गवर्नर

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार का सीआरपीएफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाना गलत है। उन्होंने सवाल किया कि मुख्यमंत्री आवास के पास झामुमो के कार्यकर्ता हंगामा क्यों कर रहे थे और वहां सीआरपीएफ को आने की जरूरत ही क्यों पड़ी? वे रांची यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दौरान संवाददाताओं के सवालों के जवाब दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट और पांच सौ अज्ञात जवानों के खिलाफ रांची के गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। सदर सीओ मुंशी राम की शिकायत पर ये प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 20 जनवरी को ईडी की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आवास में पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बिहार की सियासत के लिए आज व कल अहम

-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के खास नेताओं संग बैठक

-जदयू व भाजपा के विधायकों को पटना में रहने के निर्देश

पटना। बिहार में सियासी सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीएम आवास में गुरुवार शाम पार्टी के खास नेताओं जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, मंत्री संजय झा और प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के साथ बैठक कर रहे हैं। नीतीश कुमार के साथ तीनों नेताओं की यह मुलाकात बेहद खास मानी जा रही है। इससे पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी दिल्ली रवाना हुए हैं। इससे पता चलता है कि बिहार की सियासत के लिए 26 व 27 जनवरी अहम हो सकता है।

खास बात तो शाम होते होते सामने आयी जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी के बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया। साथ ही उन्होंने बिहार के बाहर अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं, जदयू के विधायकों और भाजपा के विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया गया है। इस बीच जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी के दिल्ली जाने की सूचना है। खबर ये भी है नीतीश कुमार चार फरवरी को बेतिया में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पूर्व गुरुवार को सचिवालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक मात्र औपचारिकता भर ही रही। बैठक मात्र 15 से 20 मिनट ही चली। जदयू के एक मंत्री के अनुसार नीतीश कुमार ने तेजस्वी समेत राजद के किसी मंत्री से कोई बात तक नहीं की। अधिकारियों ने तीन एजेंडों को रखा और उस पर सहमति की औपचारिकता निभायी गयी। मंत्रियों और अधिकारियों ने चाय-नाश्ता करते हुए आपस में बातचीत की। नीतीश कुमार ने वहां रखे रजिस्टर पर साइन किया और चैम्बर में कुछ मिनट ठहरने के बाद सीएम आवास के लिए रवाना हो गये।

यात्रा को बंगाल में छोड़ दिल्ली लौटे राहुल, दो दिन बाद फिर लौटेंगे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर चुकी कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर फिलहाल दो दिन का ब्रेक लगा। इसकी वजह है कि गुरुवार को यात्रा के प्रवेश करने के कुछ देर के बाद ही राहुल गांधी दिल्ली रवाना हो गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि फिलहाल गणतंत्र दिवस की वजह से यात्रा को रोकी गई है। दो दिन के बाद फिर शुरू होगी और राहुल गांधी इसमें शामिल होंगे। यात्रा शुक्रवार और शनिवार दो दिन के विराम के बाद फिर से पश्चिम बंगाल में शुरू होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी की यात्रा दो दिन के विराम के बाद बंगाल के जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, उत्तर दिनाजपुर और दार्जिलिंग जिलों से गुजरेगी। फिर 29 जनवरी को बिहार में प्रवेश करेगी। इसके बाद यात्रा 31 जनवरी को मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में फिर से एंट्री करेगी और मुर्शिदाबाद से होकर गुजरेगी। यह यात्रा बंगाल में दार्जिलिंग, रायगंज, उत्तर और दक्षिण मालदा सहित मुर्शिदाबाद में दो संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। मालदा और मुर्शिदाबाद कांग्रेस के गढ़ माने जाते हैं।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ
दिनेश सोनी
(प्रदेश अध्यक्ष)
रमाशंकर सिंह
(प्रदेश सचिव)
राम कुमार सिंह
(प्रदेश उपाध्यक्ष)

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हिंदू जागरण मंच
रतेश कुमार
(प्रांत सह संयोजक)
रांची, झारखंड
विक्रम शर्मा
(प्रांत सह संयोजक)
रांची, झारखंड

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रह्मदेव प्रसाद
(पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी)
सीआईडी थाना, झारखंड

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू मार्केट दुकानदार संघ, रातू रोड, रांची
प्रेम कुमार सिंह (अध्यक्ष)
बिनोद कुमार चौरसिया
(कार्यकारी अध्यक्ष)
धर्मेंद्र कुमार (कोषाध्यक्ष)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव किशोर शर्मा
(राष्ट्रीय अध्यक्ष)
छात्र क्लब ग्रुप व विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुनिता अग्रवाल (प्रोपराइटर)
श्री प्राणनाथ मेडिकल, बरियातु रोड, रांची

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नवल किशोर अग्रवाल
(कमल एजेंसीज एंड कमल जेनेरिक)
श्रद्धानंद रोड, महावीर चौक, रांची

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंथन युवा संस्थान
हिंदपीढ़ी थर्ड स्ट्रीट, रांची

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शशि भूषण शाहाबादी
(समाजसेवी) इंद्रपुरी रोड नंबर-13,
रातू रोड, रांची

समस्त देशवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
रुणा मिश्रा शुक्ला
समाजिक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
Mukesh
KITCHEN
GALLERY
7091768977
आप सभी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश पूजा भंडार

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार यादव
निर्देशक - विक्टोरिया पब्लिक स्कूल
बिरजामु, कोडरमा

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव रंजन (बबलु शुक्ला)
कांग्रेस सहकारिता विभाग,
प्रदेश अध्यक्ष, रांची

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सविता लिंडा
वार्ड पार्षद 51, हटिया, रांची

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार शर्मा
प्रधानाध्यापक आइडियल
एजुकेशन एकेडमी
बेहराडीह, कोलगरमा, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप कुमार
सावित्री सुंदर ट्रस्ट (सचिव)
दूधीमाटी चौक, कोडरमा, झारखंड

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश प्रसाद यादव
सीनियर लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर
गोलवाढाब, डोमचांच, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपेश राणा
उप मुखिया ग्राम पंचायत इंदरवा
कोडरमा, झारखण्ड

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासियों सहित देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार सिंह
मुखिया सदर पंचायत सुर्यपुरा
रोहतास बिहार

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मीना देवी
मुखिया ग्राम पंचायत पत्थलगड्डा
निवेदक : राजदेव पासवान समाज सेवी सह शिक्षक
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय
75 वें गणतंत्र दिवस

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिकेंद्र कुमार
केयर फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट (सचिव)
आदर्श मोहल्ला कोडरमा, झारखण्ड

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिता देवी
मुखिया चंदवारा पूर्वी
निवेदक : समाज सेवी संजय दास
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीतीश कुमार
थाना प्रभारी चंदवारा
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुशवाहा
मुखिया पंचायत चंदवारा पश्चिम सह
तिलेश्वर साहू सेना प्रखंड अध्यक्ष
अरुण साहू
तिलेश्वर साहू सेना केंद्रीय
अध्यक्ष सह
भावी विधायक उम्मीदवार
बरही विधानसभा

मताधिकार लोकतंत्र में मतदाता के लिए सशक्त हथियार : राज्यपाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है। लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोकतंत्र सुदृढ़ होगा। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग निरंतर कार्य कर रहा है। राज्यपाल गुरुवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष का थीम रखा है- वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्व। इस थीम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी करें। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र का आधार जनमत है और जनमत का आधार मतदान है। एक योग्य व्यक्ति के मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि मतदाता को जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग के जरिये तकनीकी का भी उपयोग किया जा रहा है। सी-विजिल, बूथ एप्प, वोटर हेल्पलाइन एप्प, सुविधा एप्प इत्यादि इनके उदाहरण है। मतदाता जागरुकता के परिणाम भी परिलक्षित हुए हैं। झारखंड में मतदाता सूची में 9,81,690 नए मतदाता जोड़े गए हैं। यहां 22 जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 2,53,86,152 मतदाता हैं।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के मतदाता सूची में उनका भी नाम सम्मिलित हो गया है एवं वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। उन्होंने नए मतदाताओं को ह्यमतदाता फोटो पहचान पत्रह्व वितरित किया और सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सभी लोगों ने मतदाता दिवस पर प्रतिज्ञा भी ली।

एक नजर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिलाई शपथ



रांची: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय में पदाधिकारियों और कर्मियों को मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई। रांची वासियों को उन्होंने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह वर्ष चुनावी वर्ष है, लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव होने हैं, अपने मताधिकार का सदुपयोग करें। उन्होंने योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत कराने और जिनका नाम पंजीकृत है उन्हें अपने मताधिकार का सही तरीके से इस्तेमाल करने की अपील की है।

निगम कर्मियों ने मतदान करने की ली शपथ

रांची: राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रांची नगर निगम सभागार में अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने सभी निगम कर्मियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।"

अधिवक्ता पर 10 वर्ष की लड़की से छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

रांची। सिविल कोर्ट के एक अधिवक्ता पर 10 वर्ष की लड़की से छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों ने अधिवक्ता अरविन्द देवगढ़िया के खिलाफ गुरुवार को रांची के सुखदेवनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि वकील अरविन्द देवगढ़िया ने लड़की को बहला-फुसला कर पास बुलाया और गलत नियत से छेड़छाड़ की। पुलिस ने अधिवक्ता पर पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। दूसरी ओर, बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद विद्यानगर इलाके के लोग आक्रोशित हैं। छेड़छाड़ की पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने झारखण्ड राज्य के 36 पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को पुलिस पदक से नवाजा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: झारखण्ड राज्य में उग्रवादी संगठनों एवं संगठित आपराधिक गिरोहों पर झारखण्ड पुलिस का करारा प्रहार लगातार जारी है। फलस्वरुप झारखण्ड पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के कारण गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड पुलिस के 23 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, 12 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक एवं एक पुलिस पदाधिकारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड पुलिस के 12 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। जिसमें अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, झारखण्ड, पुलिस उपाधीक्षक, मो परवेज आलम, पुअनि तारामणि टेटे, सअनि भीम लाल महतो, सअनि एतवा उरांव, हवलदार संतोष कुमार , हवलदार अनिल दास , हवलदार जीवन ज्योतिश तिर्की, हवलदार राम बहादुर , हवलदार सिलवेस्टर केरकेट्टा, हवलदार चकधर कुमार महतो और आरक्षी कविता विवेक शामिल है।

वहीं झारखण्ड जगुआर के पुअनि अमीर तांती को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 23 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक से नवाजा गया है जिसमें ऋषभ झा, भापु से, बृजेन्द्र कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुराग राज, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, दीपक कुमार , पुलिस उपाधीक्षक, ओम प्रकाश तिवारी, पुनि दिग्विजय सिंह, पुनि राजीव कुमार , पुअनि रौशन कुमार सिंह ,पुअनि सदानन्द सिंह, पुअनि विकांत कुमार , हवलदार फबियानुस तिर्की , हवलदार नारायण मांझी, हवलदार अमित कुमार , आरक्षी अनिल उरांव , आरक्षी बाबूराम बास्की , आरक्षी याकुब सुरीन , आरक्षी अशोक कुमार , आरक्षी रंजीत कुमार , आरक्षी मो असगर अली ,आरक्षी शेख सिकन्दर , आरक्षी अनुप लकड़ा , आरक्षी कृष्णा उरांव और आरक्षी विनय टेटे शामिल है।

मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय जतरा समिति के सदस्यों ने की मुलाकात

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को राष्ट्रीय जतरा समिति, रांची के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 31 जनवरी और एक फरवरी को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जतरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड के अलावा अन्य पड़ोसी राज्यों के जनजातीय समुदायों के कलाकार पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष अंतू तिर्की, महासचिव नीलम बिरुली और राधा हेंब्रम, सूरज टोप्पो, नरेश पाहन, अमित मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, मोहन तिर्की, मिथिलेश कुमार, सुरेश मिर्धा, नारायण साहू, डब्लू मुंडा, विक्की करमाली और राजकिशोर साहू मौजूद थे।

राज्यपाल रांची और मुख्यमंत्री दुमका में फहराएंगे राष्ट्रध्वज

रांची। गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रध्वज फहराएंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

मुख्यमंत्री गुरुवार को ही दुमका पहुंच गये, जहां जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।वहीं रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। झंडोत्तोलन के बाद सेना और अर्धसैनिक बल के जवान परेड करेंगे। सरकार के कई विभागों की ओर से झाकियां भी निकाली जाएंगी।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रांची पश्चिम, रांची।

सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "Request for Proposal (RFP) from reputed and experienced firms/agencies for IoT based operation & maintenance using Design, Software Development on GIS Platform" (RFP No. – 06/CDO/IoT/2023-24) जिसका PR. No.-315037 है को तत्काल अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह०/-
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
रांची पश्चिम, रांची।

PR 316991 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

मतदाता दिवस पर डीजीपी ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रांची परिसर में गुरुवार को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अजय कुमार सिंह के द्वारा पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड रांची में उपस्थित सभी वरीय, कनीय पदाधिकारियों एवं आरक्षीकर्मियों को भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये, यह शपथ दिलायी गयी कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुये, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे'।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इस अवसर पर महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, डॉ० संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण सह-आधुनिकीकरण, सुमन गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण अन्नेषु विजया लक्ष्मी, पुलिस उप-महानिरीक्षक, हजारीबाग, सुनील भास्कर, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, मनोज रतन चोथे, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसआईबी, शैलेन्द्र वर्णवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा श्री शुभ्रांसु जैन सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग के डीसी, एसडीओ और नगर आयुक्त को 29 को सशरीर उपस्थित होने का दिया निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में हजारीबाग के बिंदेश्वरी पथ स्थित शैलेंद्र कुमार गुप्ता की रैयती जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बनाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने 29 जनवरी को हजारीबाग के उपायुक्त, एसडीओ एवं नगर आयुक्त को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा शैलेंद्र कुमार गुप्ता की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया और उनके जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बना दिया गया। याचिकाकर्ता ने नाली बनाए जाने के हजारीबाग नगर आयुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इससे पूर्व की सुनवाई के दौरान हजारीबाग के उपायुक्त एवं एसडीओ ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर कर उस दिन कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें उपस्थित होने पर छूट देने और अगली सुबह में उपस्थित रहने का आग्रह किया था।

उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता के हजारीबाग स्थित बिंदेश्वरी पथ पर नगर आयुक्त की ओर से नाली बनाने का विरोध करने पर याचिकाकर्ता शैलेंद्र कुमार एवं उसके भाई सुशील कुमार गुप्ता के खिलाफ 17 अगस्त, 2022 को हजारीबाग सदर में कांड संख्या 293/2022 दर्ज की गई थी।

Jharkhand Education Project Council
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444901, 2444902, Fax – 2444906,
e-mail: [illegible]

Ref. No.: QU-40/25/2024/258 | Date: 24/01/2024

E-Tender Notice

JEPC, Ranchi invites E-Bids from qualified entities in the field of **Printing and Supply of children workbooks under FLN.** Bidders can download bid documents from website **https://jharkhandtenders.gov.in** from 27.01.2024 (11.00 AM) onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 19.02.2024 up to 06:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 05.02.2024 at 04.30 PM.

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director

PR 316829 Jharkhand Education Project Council(23-24)D

गणतंत्र दिवस को लेकर राज्य में अलर्ट, नक्सल प्रभावित जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

रांची(हि.स.)। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने राजधानी रांची समेत राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे राज्य में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन की तैयारी कर ली गयी है।बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल भी पूरी हो चुकी है। सभी जिलों के एसपी को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के साथ-साथ होटलों, लॉज, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

गणतंत्र दिवस को लेकर झारखंड के सभी नक्सल प्रभावित जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। कई मौकों पर गणतंत्र दिवस के दौरान नक्सलियों द्वारा काला झंडा फहराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसलिए इसे लेकर भी सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ पहले से ही अभियान चलाया जा रहा है जो जारी रहेगा। वहीं रेलवे स्टेशनों और हवाईअड्डों समेत सभी सरकारी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. सभी जगहों पर अतिरिक्त बलों की भी तैनाती की जा रही है।

गणतंत्र दिवस के दौरान शांतिपूर्ण झंडोत्तोलन को लेकर सभी जिलों के एसपी ने अपने क्षेत्र के सभी थाने और ओपी को अलर्ट कर दिया है। उन्होंने पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में सभी थाना और ओपी को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और सक्रिय गश्ती करने का आदेश दिया है। जारी निर्देश में यह भी कहा गया है कि खुफिया सूचनाओं पर नजर रखें और सुरक्षा इंतजाम करें।

उग्रवादी-आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब न हो सकें, इसके लिए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित पुलिस चौकियों, पिकेटों, अर्धसैनिक बलों और होम गार्ड के कैंपों की सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया गया है। सभी डीएसपी-एसडीपीओ को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस गश्ती और सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा करें और जो भी कमियां सामने आएं, उन्हें दूर करें।

पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को दहेज के लिए पत्नी शगुफ्ता परवीन (20) की हत्या करने के दोषी पति जुबैर अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर दस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। मामले में प्रभारी एपीपी पुष्पा सिन्हा ने पांच गवाही दर्ज करायी। घटना 20 अप्रैल 2022 की है। दो साल से कम समय में मामले का निष्पादन कर दिया गया। इस संबंध में महिला के भाई एकरामुल अंसारी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। महिला का मायके पिठोरिया के चदंवे परवाना टोली में है। महिला की शादी 12 दिसंबर 2021 को हुई थी। शादी के पांच महीने के अंदर ही गर्भवती महिला की दहेज के लिए हत्या कर दी गयी थी। मामले में महिला के पति जुबैर अंसारी, जेठ रियाजुल अंसारी और जेठानी स्नेहा खातून के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

Office Nagar Parishad, Lohardaga

Notice Inviting Short Tender

e-Tender Reference No. LNP/ 15/2023-24 | Date- 24-01-2024

Sl. No.	Gr. No.	Name of the Work	Approx Value of work (in Rs.)	Earnest Money (Through Online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in)	Cost of Bid Document (Through Online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in)	Period of completion
1	1	Construction of Godown at Old Nagar Parishad Office Lohardaga (Jharkhand) (civil work),(Electrical work),(Plumbing work) & Septic tank	[illegible]	[illegible]	5900.00	60 Days
2	2	Construction of PCC Road from [illegible] Qureshi house to [illegible] house via [illegible] house) [illegible] nagar) & Repairing of PCC Road from [illegible] qureshi house to [illegible] qureshi house (Qureshi mohalla) lohardaga at Ward NO- [illegible]	14,45,505.00	[illegible]	5900.00	60 Days
3	3	Construction of PCC Road from (1) J.P [illegible] house to Old PCC Road Via [illegible] Singh house (Block colony [illegible]), (2) Raja [illegible] House to [illegible] house (Block colony [illegible]), (3) F.C.I. Godam to [illegible] house (Block colony [illegible]), (4) [illegible] house to [illegible] singh house (Mangalam colony [illegible]) lohardaga at Ward NO- [illegible]	[illegible]	[illegible]	5900.00	60 Days
4	4	Construction of 02 Nos. Room with Boundary wall at [illegible] Lohardaga (Jharkhand)	[illegible]	[illegible]	5900.00	60 Days

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

Sl. No.	Procurement Officer	date of tender publish on website	Availability of tender on line for bidding		Place, Date & time of opening bid
A	B	C	D	E	F
1.	Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga	29-01-2024 Time 10:30 AM	Bid downloading Date-29-01-2024 Time 11:00 A.M To Date 12-02-2024 Time 5:00 P.M	Bid submission Date- 29-01-2024 Time 11:30 P.M To Date 12-02-2024 Time 5:00 P.M	N.P. Lohardaga Date- 13-02-2024 Time 05:00 P.M

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR.NO.317049 Lohardaga(23-24):D

गणतंत्र दिवस पर रांची पुलिस अलर्ट, होटलों और लॉज में की छापेमारी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। साथ ही गणतंत्र दिवस को लेकर शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। रांची पुलिस ने बुधवार देर रात शहर के सभी होटलों और लॉज में छापेमारी की। इस दौरान होटल में रहने वाले लोगों के बारे में पुलिस ने गहनता से छानबीन की और तलाशी भी ली। इसके अलावा देर रात को एंटी क्राइम चेकिंग भी चलता रहा।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित शहर के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में होटल और लॉज का जांच किया। होटल प्रबंधकों को कई दिशा-निर्देश भी दिए।

दूसरी ओर, मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। एसएसपी ने समारोह की तैयारी को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये हैं। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर 1000 जवानों की तैनाती की गयी है। इसमें रैपिड एक्शन फोर्स (रैप), जैप, इको, आईआरबी, जैप की महिला बटालियन, एसआईआरबी की तैनाती की गयी है। साथ ही ड्रोन और वीडियोग्राफी के जरिये भी संदिग्धों पर नजर रखी जायेगी। मोरहाबादी मैदान में सुरक्षा के लिए आईपीएस स्तर के अधिकारी सहित आठ डीएसपी और बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर एवं दारोगा को लगाया गया है। राजधानी में सुरक्षा के लिए पीसीआर, गश्ती दल को लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी स्वयं भी गश्त करते हुए गश्ती पार्टी और पीसीआर की मॉनिटरिंग भी करेंगे।

गणतंत्र दिवस पर एक हजार जवान और 50 मजिस्ट्रेट की होगी तैनाती

रांची। रांची में गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस सतर्क है। गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी रांची में एक हजार अतिरिक्त पुलिस बल और एक 50 मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी। शहर के अलग अलग चौक चौराहों पर अतिरिक्त ट्रेफिक पुलिस बल को तैनात की जाएगी।

इसको लेकर शहर के हर चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाएगी। गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस शहर के होटल और लॉज में छापेमारी कर रही है और संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी देने की बात रांची पुलिस ने कही है। शहर में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इसके अलावा शहर के कई रास्तों की यातायात को डाइवर्ट किया गया है। इस दौरान बड़े वाहन परिवर्तित मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे। समारोह स्थल के आसपास 14 ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने इसे लेकर आदेश जारी किया है।

रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा है कि गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस सतर्क है और सभी बिंदुओं पर नजर बनाए हुए है। पुलिस रात में चेकिंग अभियान भी चला रही है और लोगों से पूछताछ कर रही है। शहर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जरूरत पड़ी तो और भी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

लालू यादव ने सीबीआई कोर्ट में जमा किया पासपोर्ट

रांची। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सीबीआई कोर्ट में पासपोर्ट जमा कर दिया है। चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता लालू के अधिवक्ता प्रभात कुमार ने गुरुवार को कहा कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में लालू यादव का पासपोर्ट जमा हुआ। लालू की ओर से पासपोर्ट की अवधि समाप्त होने का हवाला देते हुए रिन्यूएल करने के लिए पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की गयी थी। पिछले वर्ष जून महीने में लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने शर्त रखी थी कि पासपोर्ट रिन्यू होने के बाद वह वापस पासपोर्ट सीबीआई कोर्ट को सौंप देंगे। इसलिए लालू ने पासपोर्ट रिन्यू होने के बाद उसे सीबीआई कोर्ट में जमा कर दिया।

झामुमो ने राज्यपाल पर साधा निशाना

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्यपाल के आर्यभट्ट सभागार में दिये गये बयान पर जमकर निशाना साधा है। खासकर उनके उस बयान को लेकर जिसमें उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार की ओर से सीआरपीएफ के खिलाफ की गयी प्राथमिकी गलत है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से कई सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के वक्तव्य को हमारी पार्टी अप्रत्याशित एवं अनावश्यक समझती है। उनकी जो भी व्याकुलताएं हैं, वो सार्वजनिक मंच पर नहीं, प्रक्रियागत व्यक्त करें। नहीं तो यह समझा जाएगा कि यह बयान राजनैतिक उद्देश्य प्रेरित है, जो कठोर निन्दनिय है।

उन्होंने कहा कि कार्यपालिका में यह स्पष्ट है कि किसी भी राज्य में प्राकृतिक आपदाएं, आपातकिलिन स्थिति या कानून व्यवस्था के बिगड़ने पर स्थानिय जिला के जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारत सरकार के अर्द्धसैनिक बल, सैन्य बल तथा एनडीआरएफ की मांग की जाती है तथा स्पष्टतः संख्या बल भी बताया जाता है, जिसमें यूनिट, कम्पनी एवं बटालियन की मांग होती है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल को यह भी ज्ञात है कि इस राज्य के एक विशेष राजनैतिक दल के कार्यकर्त्ता समाज विरोधी, साम्प्रदाय विरोधी एवं अपराधीक प्रवृति के लोग होते हैं, जिनकी पहचान समाज को होता है, और इसलिए वह मतदान के समय उसे शासन से दुर रखता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा 20 जनवरी को सीआरपीएफ की उपस्थिति के संबंध में जो आधिकारिक एवं सार्वजनिक बयान दिये गये, उन्हीं शब्दों का उपयोग हिन्दी भाषा की जगह अंग्रेजी भाषा में राज्यपाल द्वारा गुरुवार को किया गया।

युवाओं के कंधे में देश की बड़ी जिम्मेदारीः बाबूलाल मरांडी

रांची। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सभी पहली बार वोट करने वाले नव मतदाताओं को संबोधित किया जिसका लाइव प्रसारण देश की लगभग सभी जगहों पर किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से 25 जनवरी को देश भर में नमो नव मतदाता सम्मेलन किया गया। राज्य में भाजयुमो द्वारा 81 विधानसभा के कुल 86 स्थानों पर नमो नव मतदाता सम्मेलन किया गया। इसमें राज्य भर से कुल लगभग एक लाख युवा शामिल हुए।

कांके विधानसभा के चिरौंदी स्थित आशीर्वाद बैंकवेट हॉल में नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। मरांडी ने कहा कि नव मतदाता के कंधों में देश की बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए जरूरी है कि वे भारत का भाग्य उज्ज्वल बनाने के किए वोट दे। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट और देश की विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट भारत को तीसरी सवसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कारगर साबित होगी। भारत में स्थिर और मजबूत व बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगी।

हटिया विधानसभा के पुंदाग स्थित आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में नमो नव मतदाता सम्मेलन में उपस्थित प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि देश के नव मतदाता मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के नव मतदाता नया भारत बनाने के लिए कृत संकल्पित है।

जेडी नेशनल बीएड कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अनगड़ा। जेडी नेशनल बीएड कालेज अनगड़ा के सत्र 2022-24 के सेकेंड इयर के प्रशिक्षुओं ने गुरूवार को जोन्हा फोल का शैक्षणिक भ्रमण किया। फोल के आसपास के गांवों का सामाजिक, आर्थिक व ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी ली। बाद में वनभोज किया गया। साथ ही भगवान बुद्ध के मंदिर की ऐतिहासिकता की जानकारी ली। पर्यटन स्थल के आसपास के गांवों के विकास में टूरिज्म की भूमिका को देखा। व्याख्याता हीरालाल यादव व विनीता कोनगाड़ी ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रियंका जायसवाल, ठाकुर अरूणिमा सिंह, प्रिति प्रिया, सुनीता कुमारी, चुमकी राय आदि उपस्थित थे।

सेवा भारती का किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह दौड़ 28 जनवरी को

अनगड़ा। सेवा भारती, झारखण्ड के तत्वावधान में 28जनवरी को गुड़ीडीह स्थित सेवा धाम परिसर में 14वां किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह व विशिष्ट अतिथि व्यवसायी विजय राजगढ़िया होंगे। कृषि मेला में 50 गांवों के किसान अपने उत्कृष्ट फसलों की प्रदर्शनी लगाऐंगे,जहां फसलों में उत्कृष्ट उत्पाद को चयनित कर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को पुरस्कृत करेंगे। सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता में 35 गावों से चयनित प्रतिभागी शामिल होंगे। एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में शहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों के इलाज हेतु परामर्श एवं दवा मुहैया कराई जाएगी। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक सेवा आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम संयोजक चंदन मिश्रा द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद, संतोष वर्मा, अजय दधिचि, नरेश साहू, श्रद्धानंद पाठक, दिनेश महतो, हरिनारायण, लालचंद वेदिया, धनंजय महतो आदि उपस्थित थे।

कोल इंडिया मैराथन की तैयारी जोरों पर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। द्वितीय कोल इंडिया मैराथन-2024 के आयोजन की तैयारी जोरों पर है। फरवरी की 11 तारीख को मोरहाबादी में आयोजित कोल मैराथन की रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी है।रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से कोल इंडिया मैराथन के आधिकारिक वेबसाइट से चल रही है। अंतिम दिनों में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को तेज करने के लिए सीसीएल शुक्रवार को रांची में तीन स्थानों पर हेल्प डेस्क लगा रही है। सीसीएल गांधीनगर, मेकॉन स्टेडीयम, एचईसी नेहरू स्टेडियम के पास हेल्प डेस्क लगाया जाएगा, जिसमें रजिस्ट्रेशन में आ रही परेशानी का समाधान और कोल मैराथन के लिए जागरूक किया जाएगा।

द्वितीय कोल इंडिया मैराथन के कुल इनामी राशि में बढ़ोतरी गई है। इस 29.70 लाख से बढ़कर 33.12 लाख किया गया है। इस आयोजन में झारखंड सरकार, खेल विभाग, झारखंड ओलंपिक संघ का सहयोग रहता है। https://www.centralcoalfields.in/coal_india_marathon/index.html पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

इस वर्ष पुरुषों और महिलाओं के लिए दौड़ की चार श्रेणियां तय की गई हैं। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ हैं। पूर्ण मैराथन 42.195 किमी का होगा जबकि हाफ मैराथन 21.098 किमी का होगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों को पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए शुल्क निर्धारित किए गए हैं। फुल मैराथन के लिए 1000 रुपये, हाफ मैराथन के लिए 750 रुपये, 10 किमी के लिए 300 रुपये और 05 किमी के लिए 100 रुपये देने होंगे।

सिल्ली विधायक ने क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक से की बात

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संजय श्रीवास्तव के साथ कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को बैठक की। इस दौरान सुदेश कुमार महतो ने डॉ. संजय श्रीवास्तव के साथ सिल्ली और तमाड़ क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात एवं जन-धन हानि से बचाव के लिए सभी उपायों और सुझावों पर मंथन किया।

उन्होंने सोनाहातु मध्य क्षेत्र और राहे के लिए एक संयुक्त टीम का गठन करने और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में देश में चल रहे रिसर्च के आधार पर सभी अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग हाथियों के हमलों को रोकने के लिए करने का निर्देश दिया। सोनाहातु और राहे की संयुक्त टीम प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच जागरुकता फैलाने, राहत पहुंचाने के साथ साथ बचाव के लिए भी काम करेगी। इस दौरान महतो ने हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को हाथी भगाने का प्रशिक्षण समय-समय पर दिलाने को लेकर भी चर्चा की। साथ ही हाथियों को भगाने के लिए समुचित मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराने तथा मुआवजे की राशि का समय पर भुगतान कराने की बात भी उन्होंने की। प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सभी सुझावों और निदेर्शों का जल्द से जल्द अनुपालन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस पर राजभवन के एट होम समारोह में शामिल होंगी झारखंड की पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

रांची। गणतंत्र दिवस पर राजभवन में शुक्रवार को एट होम समारोह का आयोजन होगा।इसमें राज्य के पांच इंटरनेशनल प्लेयर्स को भी बुलाया गया है। इनमें इंटरनेशनल तीरंदाज कोमोलिका बारी और अंकिता भगत जबकि एथलेटिक्स में आशा किरण बारला, सुप्रीति कच्छप और सपना कुमारी शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों को इस कार्यक्रम में भागीदारी तय कराए जाने के संबंध में टाटा आर्चरी एकेडमी, टाटा की चीफ कोच पूर्णिमा महतो, साईं के वरीय एथलेटिक्स कोच विनोद कुमार सिंह और एथलेटिक्स कोच आशु भाटिया को भी सूचना दी गयी है। जिन पांच खिलाड़ियों का चयन किया

गया है, उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विशिष्ट प्रदर्शन के आधार पर खेल निदेशालय, झारखंड के स्तर से फाइनल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोमोलिका बारी ने तीरंदाजी विश्व कप पेरिस 2021 में गोल्ड मेडल तथा यूथ आर्चरी चैंपियनशिप 2019 में गोल्ड मेडल हासिल किया था। अंकिता भगत ने तीरंदाजी विश्व कप पेरिस-2021 में गोल्ड मेडल जीता था। गुमला की आशा किरण बारला ने एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। गुमला की सुप्रीति कच्छप ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक पाया था। रामगढ़ की सपना कुमारी ने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में कांस्य पदक जीता था।

एक नजर

विधायक ने गार्डवाल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अनगड़ा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड के कुटे गांव में अमान अंसारी के घर से कारू महतो के घर तक 24 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।मौके पर उन्होंने संबंधित संवेदक और अभियंता को कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ समयसीमा के अंदर ही कार्य पूर्ण कराने की हिदायत दी।कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जाएगा।कार्य में अनियमितता और लापरवाही बरतने पर संबंधित संवेदक और अभियंता पर कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी कई समस्याएं रखी।इस पर विधायक ने ग्रामीणों को अविलंब समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर मुखिया नाजरीन परवीन,आमीर हमजा अंसारी,जिप सदस्य कमिशनर मुंडा, तुलसी खरवार,प्रेमनाथ मुंडा,सफीउल्लाह अंसारी,हरिमोहन महतो,जुबैर अंसारी,पप्पू खान,सुरेश साहू,रमेशचंद्र उरांव,गनी अंसारी आदि उपस्थित थे।

स्टेट ओलंपियाड परीक्षा 29 और 30 को

रांची। झारखंड स्टेट ओलंपियाड के दूसरे चरण की परीक्षा 29 और 30 जनवरी को होगी। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। 29 जनवरी को अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और 30 जनवरी को विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान की परीक्षा होगी। दूसरे चरण की परीक्षा में 1489 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भेज दिया गया है।

हाई कोर्ट में विधायक शशि भूषण मेहता के मामले में फाइनल सुनवाई 19 फरवरी को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रहे एवं पांकी विधायक शशि भूषण मेहता सहित छह लोगों को बरी किये जाने के रांची की निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर फाइनल सुनवाई 19 फरवरी को होगी। मामले में न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को अपीलार्थी एवं प्रतिवादी के अधिवक्ता को घटनावार तिथि की जानकारी देने एवं लिखित बहस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को भी छूट दी है कि वह लिखित बहस प्रस्तुत कर सकती हैं। मामले में अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता अखौरी अविनाश कुमार ने पैरवी की। इससे पहले सुनवाई के दौरान अपीलार्थी एवं प्रतिवादी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी। कोर्ट ने इनके आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 19 फरवरी निर्धारित की। मृतका सुचित्रा मिश्रा के भाई गोविंद पांडे ने अदालत द्वारा बरी किये गये शशि भूषण मेहता समेत छह लोगों की अदालत से रिहाई के खिलाफ हाई कोर्ट में एक्विटल अपील दाखिल की है। 20 दिसंबर 2019 को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में शशि भूषण मेहता समेत राजनाथ सिंह, प्रदीप कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अनूप सिंह एवं सत्य प्रकाश को रांची की निचली अदालत ने निर्दोष करार देते हुए सभी छह आरोपितों को इस मामले से बरी कर दिया था। सुचित्रा मिश्रा की हत्या गाड़ी से कुचल का धुर्वा में कर दी गई थी।

झारखंड हाई कोर्ट में मिड डे मील घोटाले के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने 100 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले के आरोपित संजय कुमार तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व भी एक बार हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज की थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद संजय कुमार तिवारी ने झारखंड हाई कोर्ट में दोबारा जमानत के लिए आग्रह किया था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय कुमार तिवारी के खिलाफ ईसीआईआर 3/2021 दर्ज किया गया है। मामले में संजय कुमारी तिवारी, अजय उरांव एवं राजू वर्मा के खिलाफ पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में आरोप गठित किया जा चुका है। दरअसल, ईडी ने मिड डे मील घोटाले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी। इससे पहले सीबीआई ने अगस्त 2017 में संजय तिवारी एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी।

पश्चिमी सिंहभम से तीन आईईडी और पांच स्पाइक होल्स बम बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाये गये अभियान के दौरान तीन आईईडी और पांच स्पाइक होल्स बरामद किया है। बरामद आईईडी में एक दस किलो, एक छह किलो और एक पांच किलो का शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका के आस-पास जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से लगाये गये तीन आईडी और स्पाइक होल्स बरामद किया गया है। बम निरोधक दस्ता ने बरामद आईडी को डिफ्यूज कर दिया।

कंप्यूटर दुकान से 60 हजार रुपए के समान की चोरी

अनगड़ा। अनगड़ा थाना क्षेत्र के गेतलसूद स्थित रूबी डिजिटल स्टूडियो में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने करीब 60 हजार रुपए के समान सहित करीब 2200 रुपए नकदी की चोरी कर ली है। चोरों ने छत के समीप दीवार की सेंधमारी कर दुकान में रखे कंप्यूटर मॉनिटर,फोटो प्रिंटर,बायोमैट्रिक डिवाईस और होम थिएटर की चोरी कर ली है। इस तरह की बिलकुल मिलती जुलती घटना करीब डेढ़ वर्ष पहले इसी दुकान में हुई थी। दुकान के संचालक चंदन गिरी ने इस संबंध में अनगड़ा थाना में लिखित सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता अभियान

अनगड़ा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में गुरूवार को जागरूकता अभियान के तहत जागरूकत मतदाता व मतदान को लेकर शपथ दिलाया गया। शपथ अनगड़ा के अंचल पदाधिकारी राजू कमल व प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय ने दिलाया। सीओ राजू कमल ने बताया कि इस अभियान के तहत मतदाताओं से बगैर किसी प्रलोभन व दबाव के अपना मतदान करने आहवान किया गया। 22 जनवरी को आम चुनाव को लेकर प्रत्येक बूथ में मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। किसी को आपत्ति हो तो एक सप्ताह के अंदर बीएलओ के पास दर्ज करा सकते है। साथ ही स्वीप अभियान चलाता रहेगा। साथ ही सिल्ली विस के बूथ नंबर एक जो कि सामुदायिक भवन डहुआ में था उसे बदलकर मोडल आंगनबाड़ी केन्द्र डोकाद में स्थानांतरित कर दिया गया है। बूथ नंबर बीस जो कि सामुदायिक भवन पहाड़सिंह में था उसे आंगनबाड़ी केन्द्र पहाड़सिंह में स्थानांतरित कर दिया गया है। दोनों भवनों के जर्जर होने के कारण बूथ मतदान केन्द्र को बदला गया। मौके पर कस्तूरबा की छात्राएं व पखंड व अंचल के कर्मी शामिल हुए।

जसपूरिया खेल महोत्सव के बालिका कबड्डी में गेतलसूद उवि फाइनल में।

अनगड़ा। गणतंत्र दिवस के मौके पर गेतलसूद स्कूल मैदान में चल रही तीन दिवसीय जसपूरिया पब्लिक स्कूल खेल महोत्सव के दूसरे दिन गुरूवार को सामान्य ज्ञान, फुटबाल व कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जसपुरिया ट्रस्ट के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार शामिल हुए। कबड्डी बालिका में सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद व उत्क्रमित हाई स्कूल गेतलसूद फाइनल में पहुंच गई है। बालक वर्ग में भी यही दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा। फुटबाल बालिका वर्ग का फाइनल सिरका व आगरटोली की टीम के बीच खेला जाएगा। फुटबाल बालक वर्ग(अंडर-14) का फाइनल मुकाबला सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद व छोटकीगोड़ांग के बीच खेला जाएगा। शुक्रवार को फाइनल मैच सह पुरस्कार वितरण होगा। इस मौके पर उपमुखिया शंकर बैठा, राजेश लोहरा, शिकारी महतो, धरमवीर नायक, मुकेश लोहरा, बबली महतो, विवेक महतो, आयुष महतो, अमन बरई, रोहित महतो, रौनक नायक, मुकेश महतो आदि उपस्थित थे।

वेंटीलेटर पर बिहार सरकारः कभी भी टूट सकता है गठबंधन, कैबिनेट की बैठक में भारी तनाव, नीतीश फैसले के मूड में

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। करीब 17 महीने पहले बनी बिहार की महागठबंधन सरकार वेंटीलेटर पर आ गयी है। आज हुई ताबड़तोड़ वाकयों ने इसका सीधा संकेत दे दिया। लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या ने नीतीश कुमार पर बेहद तीखा हमला बोला है। उधर, कैबिनेट की आज हुई बैठक बेहद तनावपूर्ण माहौल में हुई। सिर्फ 15 मिनट तक चली बैठक में नीतीश ने तेजस्वी से बात तक नहीं की।

कैबिनेट की बैठक में भारी तनाव

बिहार के मुख्य सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक सिर्फ 15 मिनट में खत्म हो गयी. नीतीश कुमार के कार्यकाल में ये सबसे छोटी कैबिनेट की बैठक थी. एक मंत्री ने बताया कि नीतीश कुमार ने तेजस्वी समेत राजद के किसी मंत्री से कोई बात तक नहीं की अधिकारियों ने तीन एजेंडों को रखा और उस पर सहमति की औपचारिकता निभायी गयी। नीतीश कुमार ने वहां रखे रजिस्टर पर साइन किया और निकल गये। कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और अधिकारी साथ मिलकर चाय-नाश्ता करते रहे हैं. लेकिन आज हुई बैठक में ऐसा कुछ नहीं हुआ। बैठक खत्म होने के बाद नीतीश कुमार बाहर निकले और पहले अपने चेंबर में चले गये. नीतीश का चेंबर कैबिनेट हॉल के बगल में ही है. नीतीश तुरंत ही अपने चेंबर से निकले और घर जाने के लिए लिफ्ट की ओर बढ़ गये।

तेजस्वी से एक शब्द बात नहीं

नीतीश कुमार जब सचिवालय के पहले तल्ले पर स्थित अपने चेंबर से नीचे उतरने के लिए लिफ्ट के पास पहुंचे तो वहां तेजस्वी यादव पहले से खड़े थे। नीतीश कुमार को देख कर तेजस्वी ने हाथ जोड़े तो नीतीश कुमार ने बिना कुछ कहे हाथ जोड़ा और लिफ्ट के अंदर चले गये। वहीं, मंत्री अशोक चौधरी भी खड़े थे। नीतीश कुमार ने उनकी ओर भी नहीं देखा। नीतीश सीधे नीचे उतरे और गाड़ी में बैठकर आवास की ओर रवाना हो गये। उसके बाद तेजस्वी यादव सीढ़ियों से नीचे उतरे और मुख्य सचिवालय से रवाना हुए। फिर एक-एक कर मंत्री बाहर निकले। सब के चेहरे पर तनाव साफ साफ दिख रहा था। मंत्रियों ने मीडिया से बात करने से परहेज किया।

एक्शन में हैं नीतीश, रोहिणी के ट्विट को देखा

उधर, सीएम आवास पहुंचने के बाद नीतीश कुमार को लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या के ट्विट की जानकारी दी गयी। नीतीश कुमार ने उन ट्विट का प्रिंट आउट मंगवा कर देखा. उसके बाद नीतीश कुमार के चेहरे के भाव बदल गये. सूत्रों की मानें तो ट्विट पढ़ने के बाद नीतीश कुमार ने कहीं फोन लगवाया और काफी देर तक बात की है।

रोहिणी आचार्या का तीखा हमला

दरअसल बुधवार को जेडीयू के कपूर्री जयंती समारोह में नीतीश कुमार ने कहा था कि वे सही मायने में कपूर्री की विचारधारा पर चल रहे हैं। इसलिए अपने परिवार से किसी को राजनीति में आगे नहीं बढाया लेकिन कुछ लोग तो सिर्फ अपने परिवार की ही सोचते रहते हैं। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नीतीश को जवाब दिया है। उन्होंने लगातार तीन ट्विट किये हैं। पहले ट्विट में लिखा है समाजवादी पुरोधा होने का करता वही दावा है हवाओं की तरह बदलती जिनकी विचारधारा है। रोहिणी के इस ट्विट में किसी का नाम नहीं लिखा गया है। लेकिन वे किसकी बात कर रही हैं ये जगजाहिर है। रोहिणी ने एक और ट्विट किया है। उसमें लिखा गया है खीज जताए क्या होगा जब हुआ न कोई अपना योग्य विधि का विधान कौन टाले जब खुद की नीयत में ही हो खोट। लालू परिवार की बेटी ये कह रही है कि नीतीश कुमार के परिवार में कोई राजनीति में आने के योग्य नहीं हुआ। इसलिए अब दूसरे पर बोल कर खीज मिटा रहे हैं। रोहिणी यहीं तक नहीं रूकी उन्होंने तीसरा ट्विट भी किया है। उसमें लिखा गया है अक्सर कुछ लोग नहीं देख पाते हैं अपनी कमियां लेकिन किसी दूसरे पे कीचड़ उछालने को करते रहते हैं।

14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोगों ने लिया शपथ

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। गुरुवार को प्रखंड कार्श्यालय परिसर में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सैयद सरफराजुद्दीन अहमद ने अधिकारियों, कर्मचारी व आम लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलवाया. शपथ में शामिल दर्जनों लोगों ने शपथ लेते हुए। एक स्वर में बोला, हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपने पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए। निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शपथ लेने के बाद बीडीओ ने शपथ में शामिल होने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मानते हैं। 22 जनवरी को मतदाता सूची की प्रकाशन कर दी गई है. फिर भी 18 वर्ष से अधिक उम्र के जो व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करना चाहते हैं, वह ऑनलाइन कर सकते हैं। जिन मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम की जानकारी लेना है, वे अपने बीएलओ से ले सकते हैं। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया की सरकार का एक थीम है। वोट से बढ़कर कुछ नहीं, वोट हम जरूर करेंगे।

बिहार में सियासी उठापटक तेज, खेमा मजबूत करने में जुटा लालू कैंप, विधानसभा भंग कर सकते हैं नीतीश

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। बिहार की सियासत में एक बार फिर उथल-पुथल मच गई है. नीतीश कुमार के फखऊसे नाता तोड़ने की अटकलों के बीच लालू खेमे ने 122 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए 8 और विधायकों को साधने की कवायद शुरू कर दी है. 243 सीटों वाली विधानसभा में फिलवक्त सीटों का गणित कुछ इस तरह है। राजद+कांग्रेस+लेफ्ट की सीटों को मिला लिया जाए तो 79+19+16 यानी 114 का नंबर बनता है. मतलब साफ है बहुमत के लिए 8 विधायकों की कमी है. लालू खेमा इन्हीं 8 विधायकों को साधने में जुट गया है. वहीं, नीतीश कुमार अपने आवास पर जेडीयू के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। लालू जादुई आंकड़ा जुटा लें, इससे पहले ही नीतीश विधानसभा भंग कर सकते हैं. सत्ता हासिल करने के लिए सीटों के समीकरण की बात करें तो जीतन राम मांझी की पार्टी HAM के 4 विधायक हैं। विधायक, एक निर्दलीय विधायक (सुमित सिंह) हैं। अगर लालू इन्हें भी साथ लेते हैं तो नंबर बनता है 120 का अभी भी लालू को 2 विधायक और चाहिए. वहीं, सीएम हाउस के बाद राबड़ी आवास में भी हलचल तेज हो गई है. लालू से मुलाकात करने उनके करीबी भोला यादव और शक्ति सिंह यादव राबड़ी आवास पर पहुंचे हैं। उनके अलावा कुछ अन्य विधायक भी पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोंगो को जागरूक कर दिलाई शपथ

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित होकर मतदान करने के लिए ग्रामीण मतदाताओं को किया जागरूक वहीं मतदान केंद्रों पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। प्रखंड क्षेत्र के शिवोबहार पंचायत के प्राथमिक विद्यालय राघोडीहरा मतदान केंद्र संख्या- 301के जागरूक मतदाता महावीर यादव ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित वहीं जागरूक करते हुए बीएलओ संतोष कुमार रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने की शुरूआत तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने पहली बार 2011 मे की थी। वहीं आगे कहा कि देश में आज भी ऐसे कई लोग है जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है। इसीलिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जाता है। इस अवसर भारत निर्वाचन आयोग कई कार्यक्रम का आयोजन करता है। मौके महावीर सिंह, पर शिक्षक विनय कुमार सिंह, रीता कुमारी, वार्ड सदस्य रिक्की कुमार साथ में अनेकों ग्रामीण शामिल थे।

बैंक ऑफ इंडिया लूटकांड के आरोपी कैशर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अररिया। अररिया में दो दिन पहले मंगलवार को एडीबी चौक स्थित एक्सिस बैंक में एक करोड़ से अधिक के लूटकांड के बाद सक्रिय हुई अररिया पुलिस ने 20 माह पहले बैंक ऑफ इंडिया बैंक लूटकांड के फरार आरोपी मो.कैशर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मो.कैशर पिता-मो.सुधीर को मधेपुरा जिला के चौसा थाना क्षेत्र के कालासन गांव से गिरफ्तार किया। यह जानकारी अररिया जिला पुलिस की ओर से जारी प्रेस रिलीज में दी गई। 27 मई 2022 को अररिया नगर थाना क्षेत्र में एसपी आवास से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 30 लाख से अधिक नगद समेत 60 लाख से अधिक की सोने की लूटकांड दिन दहाड़े हुई थी। अंतर्जिला अपराधी सरगना के द्वारा उस समय बैंक लूटकांड को अंजाम देने की बात पुलिस के द्वारा कही गई थी।

जिलेवासी आगामी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : डीडीसी

जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर की जा रही है विभिन्न कार्रवाई

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की नयी थीम के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम समारोपूर्वक हुआ सम्पन्न

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज समाहरणालय सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, बेतिया, अमरकेश डी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चलो करें मतदान-आओ करें मतदान मैं भारत हूँ-भारत है मुझमें स्वीप ऑडियो/वीडियो के प्रसारण से किया गया। इसके उपरांत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग का संदेश का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त,अनिल कुमार ने कहा कि सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। बिना किसे बहकावे में भयमुक्त होकर अपने विवेक से मत का प्रयोग करें। यह हमारा अधिकार है। भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मत देना अत्यंत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे देश से यह साबित किया है कि यहां के मतदाता जागरूक हैं। मत का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का फलाफल भी दिखना चाहिए। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना होगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आगामी चुनाव को सम्पन्न कराना है। लोकतंत्र का त्योहार हम सभी मिलजुल कर मनायेंगे। सभी अपना-अपना योगदान आगामी चुनाव में देंगे। हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें। संबंधित अधिकारी प्रयास करें कि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। आगामी चुनाव में मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु मतदाताओं का जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। जो इस प्रकार है-हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिलास्तर पर प्रातः मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के उदेश्य से प्रभातफेरी निकाली गयी। इसके साथ ही सभी अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालयों में मतदाता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, बेतिया, अमरकेश डी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल राय, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, अखिलेश कुमार, एसडीएम, बेतिया,विनोद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, ललन प्रसाद, निदेशक, डीआरडीए,अरूण प्रकाश, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, अनंत कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मनीष कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, किशोर आनंद, जिला मत्स्य पदाधिकारी, गणेश राम, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, अनिल कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सुजीत कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता, अनिल कुमार, उत्पाद अधीक्षक, मनोज कुमार, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दूबे, डीपीओ, आइसीडीएस, कविता रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, यशलोक रंजन सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, बीएलओ, कर्मी एवं प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

2015 के बाद कई बार पलटी मारकर अपना हित-अहित कर चुके नीतीश कुमार को सीएम बने रहना है और फेविकोल लगाकर कुर्सी से चिपके रहना है : प्रशांत किशोर

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि 2015 के बाद कई बार पलटी मारकर अपना हित-अहित कर चुके हैं। आज समाज का हर वर्ग जान गया है कि नीतीश कुमार को किसी से मतलब नहीं है बस इन्हें मुख्यमंत्री बने रहना है और फेविकोल लगा कर कुर्सी से चिपके रहना है। कभी भाजपा का कमल पकड़ कर कभी लालटेन पर लटककर मुख्यमंत्री बने रहें बिहार चाहे भाड़ में जाए बिहार की जनता का कुछ भी हो उससे इनको कोई लेना देना नहीं है। नीतीश कुमार को बिहार की जनता के प्रति कोई संवेदना नहीं रह गई है। नीतीश कुमार का पूरे बिहार में पुरजोर विरोध होना चाहिए। इन्होंने सारी मोरालिटी को ताखा पर रख दिया है। नीतीश कुमार को अहंकार इस बात का है कि 42 विधायक होने के बाद भी ये मुख्यमंत्री बने ही रहते हैं। अगर आप देखियेगा तो JDU के 117 विधायक हुआ करते थे। वहां से घटकर 72 हुए इसके बाद 72 से उलटकर 42 में आ पहुंचे हैं। अगली बार जनता इतन कम विधायक देगी कि कोई गणित और जुगाड़ इनको मुख्यमंत्री नहीं बना पाएगा आप लिखकर रखिए।

विभागीय लापरवाही के कारण इंटरमीडिएट की परीक्षा से वंचित हो रहा छात्र

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। लौरिया प्रखंड अंतर्गत चंपाकुवर माध्यमिक विद्यालय के छात्र चंदन कुमार पिता राजेश साह इस वर्ष होने वाली बिहार बोर्ड की इंटर की परीक्षा देने से बोर्ड ने रोक लगा दी है बताते चले की उक्त छात्रा का इंटर की परीक्षा में रोल नंबर 24030162 है परंतु बार-बार विद्यालय में अनुपस्थित रहने एवं विद्यालय से नाम काटे जाने को लेकर बिहार बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक के पत्रांक संख्या 143/2024 के आदेश के अनुसार उक्त परीक्षार्थी को परीक्षा देने से रोक लगाई दी गई है इस संबंध में परीक्षार्थी चंदन कुमार ने बताया कि बिहार बोर्ड द्वारा उसका एडमिट कार्ड भी निर्गत कर दिया गया है और वह विद्यालय में बराबर पठन पाठन करने विद्यालय में आने की बात छात्र के द्वारा कही जा रही है परंतु न जाने किस राजनीति के कारण उसकी अनुपस्थिति दिखाकर उसे परीक्षा से वंचित किया जा रहा है अब सवाल यह उठता है कि छात्र ने विद्यालय स्तर पर होने वाली सभी परीक्षाओं को दिया है जब छात्र बराबर विद्यालय अनुपस्थित रहता था या उसका नाम विद्यालय से काट दिया गया है तो किसी हालत में छात्र का इंटर के जनवरी में होने वाली परीक्षा का फॉर्म भरा, वही बिहार सरकार विभाग के सचिव केके पाठक जबकि शिक्षा विभाग में सुधार करने हेतु रोज नए फैसले ले रहे हैं इस प्रकार की हरकत हो रही है और इस प्रकार की हो रही हरकत पर आखिर कौन से अधिकारियों द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ हो रही खिलवाड़ पर अंकुश कौन लगायेगा ऐसी हरकत करना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है और ऐसी हो रही हरकत पर रोक लगाएगी जानी चाहिए। तो उसे विद्यालय में अनुपस्थित बताकर उसे परीक्षा देने से वंचित क्यों किए जाने का निर्देश जारी किया जाता है जो अपने आप में शिक्षा विभाग के प्रति सवालिया निशान खड़ा कर रहा है वही एक और जहां शिक्षा विभाग के विधि व्यवस्थ सुधार करने में केके पाठक ने विभाग को पूरी तरह दुरुस्त रखने में लगे है तब क्यों ऐसी हरकत हो रही हैं और बच्चो के भविष्य के साथ विद्यालय खिलवाड़ कर रहे हैं।

एक नजर

विजेंद्र सिंह उर्फ फौजी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। सूर्यपुरा थाना अन्तर्गत कैलानी गांव के पास नीमा निवासी विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी, पिता श्री भगवान सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। एसपी विनीत कुमार ने बिक्रमगंज थाना परिसर में प्रेसवार्ता में बताया कि इस हत्या की साजिश उसके हीं गांव के सेना के जवान राजू रंजन ने रच कर सुपारी किलरों की मदद से की थी। गौरतलब हो कि नीमा निवासी विजेंद्र सिंह उर्फ फौजी को उनके कल्याणी स्थित निमार्णाधीन मकान पर अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। हत्या कर भाग रहे अपराधियों के द्वारा गोशलडीह गाँव में भी गोली चलाई गई, जिसमें अंकित कुमार पिता धर्मराज सिंह को पैर में गोली लगी थी। अपराधियों को आक्रोशित भीड़ के द्वारा घेर लिया गया तथा भाग रहे अपराधियों में से आदित्य कुमार पिता प्रमोद कुमार, ग्राम कोढ़वाँ टोला, थाना जगदीशपुर मिथलेश कुमार पिता रामवली सिंह, ग्राम चाँद टोला, थाना पिरो को अज्ञात भीड़ के द्वारा मारपीट कर हत्या कर दी गई। सूर्यपुरा पुलिस समय पर पहुँच कर एक अपराधकर्मी अजीत कुमार पिता अशोक सिंह, ग्राम जान टोला, थाना पीरो, जिला भोजपुर को बचा लिया। तथा उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में मृतक विजेन्द्र सिंह की पत्नी उषा देवी के फर्दबयान के आधार पर सूर्यपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए, हमने एक विशेष अनुसंधान दल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज कुमार संजय के नेतृत्व में गठित की गई, जिसमें अंचल पुलिस निरीक्षक, बिक्रमगंज, थानाध्यक्ष सूर्यपुरा तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। विशेष अनुसंधान दल के द्वारा हत्या में शामिल घायल अपराधकर्मी अजीत कुमार से पुछताछ, तकनिकी अनुसंधान से इस काण्ड का सफलतापुर्वक उद्भेदन किया गया तथा घटना में शामिल अपराधकर्मी अजीत कुमार, अनीश कुमार, मधु कुमार उर्फ पिन्टु सिंह, हरिओम कुमार, गोलु कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। घटना में प्रयुक्त दो देशी पिस्टल, एक जिन्दा कारतुस सात खोखा, तीन मोबाईल एवं एक अपाची मोटरसाईकिल बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि 23 जनवरी 2020 को निवेश कुमार पिता सच्चिदानंद सिंह की हत्या उसके गांव नीमा में कर दी गई थी। उस हत्याकाण्ड में मृतक के पिता सच्चिदानंद सिंह के द्वारा पाँच लोगों को नामजद प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। जिसके विरूद्ध पुलिस के द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र समर्पित किया गया। लेकिन मृतक के भाई राजु रंजन सिंह उर्फ राजु रंजन कुमार जो 214 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, लातेहार (झारखण्ड) में आरक्षी के पद पर पदस्थापित है को यह सन्देह था कि उसके भाई की हत्या पंचायत चुनाव में संभावित मुखिया प्रत्याशी होने की वजह से विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी के द्वारा कराया गया है। इस कारण उसने विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की हत्या करने का षड्यंत्र किया। और इसके लिए, अपराधियों को पाँच लाख रूपया की सुपारी तय की तथा अग्रिम स्वरूप एक लाख रूपया आदित्य कुमार के खाता में डाला तथा हथियार खरीदने के लिए एक लाख रूपया नगद दिया। इस घटना को अंजाम देने के लिए, अपराधकर्मियों के द्वारा 09 नवंबर को कल्याणी स्थित निमार्णाधीन मकान पर प्रयास किया गया। लेकिन अपराधियों के द्वारा विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की सही पहचान नहीं करने के कारण उनकी हत्या नहीं की जा सकी। तब इस काण्ड के मुख्य साजिशकर्ता के द्वारा अपने परिवार के दो भाईयों को लगाया गया। तब 15 नवंबर को जब विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी अपने आवास नीमा से कल्याणी निमार्णाधीन मकान पर जाने के लिए निकले तो अपराधियों को इसकी सूचना मोबाईल से दी गई। अपराधियों के द्वारा विजेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की पहचान की गई एवं कल्याणी स्थित निमार्णाधीन मकान पर उनकी हत्या कर दी गई। इस काण्ड की मुख्य साजिशकर्ता नीमा निवासी राजु रंजन कुमार उर्फ राजु रंजन सिंह पिता सच्चिदानंद सिंह 214 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, लातेहार से गिरफ्तार कर लिया गया।

कोआथ से लापता युवक का मिला शव

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। कोआथ से लापता युवक का शव गुरुवार को देर शाम, बक्सर जिला के नवानगर थानाक्षेत्र के, परमानपुर पुल के पास नहर से मिला है। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि कोआथ का एक युवक बीते दिनों मलियाबाग से हुआ गायब था। कोआथ वार्ड नंबर पांच के निवासी मो. शफीक इदरिसी ने दर्ज कराए गए प्राथमिकी में लिखा था कि मेरा 33 वर्षीय पुत्र राजु इदरिसी बीते शुक्रवार को, दुकान के सामग्री की खरीदारी करने के लिए मलियाबाग बाजार गया था। सुबह 11.37 बजे फोन किया की खरीदारी कर लिया हूं, घर लौट रहा हूं। परंतु जब वह घर नहीं लौटा तो उसे फोन किया गया, तो उसका मोबाइल बंद बताने लगा। शाम तक वह घर नहीं लौटा तो उसके खोज में हम लोग मलियाबाग गए। परंतु वहा नहीं मिलने पर काफी खोजबीन किया परंतु पता नहीं चलने पर उसके लापता सम्बन्धी शिकायत दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ने कहा कोआथ निवासी, राजू इदरिसि जिसका शव नवानगर थाना के परमानपुर पुल के पास नहर में मिलने की सूचना नवानगर थानाध्यक्ष ने दिया। जहां शव का सत्यापन किया, बॉडी के ऊपर किसी प्रकार का कोई जख्म नही पाया गया है। परिजनों द्वारा शव की पहचान करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

विधायक डॉ आलोक रंजन ने जननायक कपूर्री ठाकुर चौक का शिलान्यास किया

सहरसा। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम पर एसपी ऑफिस चौक का नामांकरण कर जननायक कपूर्री ठाकुर स्मारक स्थल की सौंदर्यीकरण की कार्य का शिलान्यास किया गया। युवा समाजसेवी रोशन मिश्रा की अध्यक्षता एवं विजेन्द्र ठाकुर के संचालन में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक डॉ आलोक रंजन द्वारा सहरसा स्थित एसपी ऑफिस के पास चौराहा का सौन्दर्यीकरण एवं नामांकरण भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम पर विधिवत निर्माण कार्य का शिलान्यास कर प्रतिमा लगाने की घोषणा की। पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर की जन्म शताब्दी वर्ष पर भारत सरकार द्वारा भारत रत्न प्रदान कर पिछड़ा एवं अति पिछड़ा की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे जननायक कपूर्री ठाकुर के सम्मान में सहरसा में मुख्यमंत्री शहर विकास योजना के तहत जननायक कपूर्री चौक सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया वही जन सहयोग से उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। जो निस्संदेह जननायक के विचारधाराओं को मजबूत करेगी। युवा समाजसेवी युवाओ में लोकप्रिय रौशन मिश्रा ने कहा की जननायक के विचारों पर चल कर ही विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। एनएसयूआई के मनीष कुमार ने कहा की जननायक के विचार सदैव जीवित रहेगा। नगर अध्यक्ष भैरव झा और त्रिलोक झा ने कहा की उनकी सादगी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। युवा समाजसेवी रौशन झा आजाद और रोहित झा ने कहा कि सर्व समाज को ले कर चलना जननायक ने सिखाया है। वही नाई समाज से आए हुए राष्ट्रीय नाई संघ के अध्यक्ष अमरेश ठाकुर ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

तस्करी कर नेपाल ले जा रहे चांदी के जेवरात समेत दो गिरफ्तार



पूर्वी चंपारण। जिला से सटे नेपाल के बारा जिला पुलिस ने तस्करी कर ले जा रहे चांदी के गहनों के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान नेपाल के सुनसरी के धरान जिला निवासी गुजराज विश्वकर्मा और इटहरी के बद्री विश्वकर्मा के रूप में हुई हैं। ये दोनों बारा जिला से एक नेपाली नंबर के स्कूटर से काठमांडू की ओर जा रहे थे। पथलैया चेक पोस्ट पर जांच के दौरान उन्हें पकड़ा गया। डीएसपी दधी राम न्योपारने ने बताया कि इनके पास से चांदी का लॉकेट 22 पीस, अंगुठी 33 पीस, मंगलसूत्र 18 पीस, ईयर टॉप 26 पीस, गणेश लॉकेट 70 पीस बरामद हुआ। जिसका वजन 53 तोला है। मामले में जांच और करवाई की जा रही है। भारतीय सीमा से उक्त चांदी आभूषण तस्करी के जरिए काठमांडू भेजा जा रहा था।

संपादकीय

आत्मनिरीक्षण का दिन

26 जनवरी हमारे लिए गर्व और आत्मसम्मान का दिवस है। जश्न मनाने का दिन है। साथ ही आत्म निरीक्षण का भी दिन है। हमने 75 वर्षों में काफी कुछ हासिल किया है और अब तेजी से बहुत कुछ हासिल करते जा रहे हैं। जमीन से आसमान तक हर क्षेत्र में हमारी क्षमता वृद्धि हुई। आज हम दुनिया में एक ताकतवर देश की पहचान बना चुके हैं। भारतीय गणतंत्र की चमक दुनिया के सभी देशों फैली है। देश की पहचान तो बनी ही है, भारतीय नागरिकों की अलग पहचान बन रही है। अमेरिका-यूरोप में भारतीय अपने को कार्यकुशल और मेहनती समुदाय के रूप में स्थापित हुए हैं। यह सब खुद में बड़ी उपलब्धि है और इस बात का प्रमाण है कि हम भारतीय अगर अपनी ऊर्जा को जोड़े रख सकें तो कोई भी लक्ष्य हमारी पहुंच से बाहर नहीं है। लेकिन चिंता की बात यह है कि इस चमकीले दौर में हमारी व्यवस्था सबको एक साझा सपने का हिस्सा बनाने में, उन्हें एक सूत्र में बांधे रखने में सफल नहीं हो पा रही है। छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करने के बदले हम उन्हें विस्तार दे देते हैं, जिससे समाज में वैमनस्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को नुकसान पहुंचता है। इस पर हमें विचार करने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनस' के मामले में भी पिछले दो-तीन वर्षों में देश ने लंबी छलांगें लगायी हैं। जीएसटी के जरिए देश में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में एकरूपता आयी है। शुरू में इससे कुछ परेशानियां हुईं, लेकिन अभी इस बात को लेकर आम सहमति है कि इससे कारोबार में पारदर्शिता बढ़ी है। लेन-देन की प्रक्रिया में डिजिटलाइजेशन बढ़ना भी एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, इसका ट्रिगर पॉइंट बनी नोटबंदी के साथ लोगों की बुरी स्मृतियां भी जुड़ी हैं। डिजिटलाइजेशन को पूरी तरह से आत्मसात करने में अभी वक्त लगेगा, फिर भी हम इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। युवा वर्ग इस नयी व्यवस्था को तेजी से अपना रहा है। विकास प्रक्रिया में पीछे छूटने वाले वर्गों पर व्यवस्था का फोकस बढ़ा है। किसान की बेहतरी लिए आज सरकार ही नहीं, विपक्ष भी चिंतित है और खेती को फायदेमंद बनाने के रास्ते खोजे जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। पहले उन्हें सेना में जवान के रूप में शामिल करने का फैसला किया गया और अब उन्हें पदाधिकारी बनाया गया है। चिंता की बात है कि हाल में समाज में एक विवेकहीन और अराजक तबका उठ खड़ा हुआ है, जो अपनी धार्मिक या जातीय पहचान को मोहरा बनाकर जिद के जरिये अपनी बात मनवाना चाहता है। उसे न संवैधानिक मूल्यों की कोई परवाह है, न मानवीय मर्यादाओं की। यह गंभीर चिता का विषय है। आज के दिन हमें अपनी सभी उपलब्धियों, कमियों पर चिंतन करना चाहिए। फिर भविष्य की रणनीति तैयार करनी चाहिए।

सामयिकी (व्यंग)

नारियल पानी

रमेश जोशी

आज जैसे ही हमने तोताराम के सामने चाय का गिलास रखा तो बोला- नहीं, मैं इस तामसिक पदार्थ का सेवन नहीं करूंगा। ले जा वापिस। हम अन्य किसी भी असंभव पर विश्वास कर सकते हैं, लेकिन तोताराम चाय के लिए इनकार कर दे यह कदापि विश्वसनीय नहीं। पूछा- पिछले साठ सालों से तो यह अमृतपान था और आज अचानक तामसिक पदार्थ हो गया। कल तक तो मोदी जी का नाम लेकर गुजरात की मसाले वाली चाय की फरमाइशें किया करता था और आज। बोला-आज भी मोदी जी के कारण ही चाय के लिए इनकार कर रहा हूं। हमने कहा- मोदी जी एक बार कांग्रेसविहीन भारत अस्वीकार कर सकते हैं, लेकिन चायविहीन भारत उन्हें कभी स्वीकार्य नहीं होगा। चाय के बिना उनकी चर्चा भी वैसे ही अधूरी रहती है जैसे माखन, बांसुरी और गाय के बिना कृष्ण की छवि अधूरी है, तो फिर चायविहीन बरामद क्यों? बोला- मैं भी ऐसा नहीं चाहता लेकिन नियमों से मजबूर हूं। आजकल मैं भी मोदी जी की तरह अनुष्ठान के नियमों से बंधा हुआ हूं। यम-नियमों के अनुसार प्रत्येक तामसिक पदार्थ से दूर रहना है। हमने कहा- लेकिन आजकल तो लोग निर्जला एकादशी को भी चाय को निषिद्ध नहीं मानते, क्योंकि यह न तो जल है और न ही भोजन। यह चमगादड़ों की तरह लिंग विहीन है; न पशु, न पक्षी। सब जगह फिट हो जाता है तो फिर चाय नहीं तो और क्या? बोला- बस, दिन में दो बार नारियल पानी। और कुछ नहीं। हमने कहा- लेकिन यह तो भोजन से भी महंगा अनुष्ठान है। मोदी जी की बात अलग है। वे तो दिन भर नारियल पानी ही क्या 40 हजार रुपए किलो का मशरूम तक अफोर्ड कर सकते हैं लेकिन हम नहीं। तुझे पता है सीकर में पानी वाले एक छोटे से नारियल के भी 50 रुपए लगते हैं। क्या मोदी जी भी 11 दिन केवल रोज दो नारियल-पानी पर ही रहेंगे? बोला- और क्या? यह शुद्ध है, सात्विक और सनातनी है। नारियल को लक्ष्मी का फल माना जाता है- श्रीफल। हमने फिर पूछा-तो क्या अनुष्ठान के यम नियमों में यह भी लिखा है कि केवल दो ही नारियल-पानी का सेवन करना है? बोला- यह तो मुझे पता नहीं लेकिन जो कारण मेरी समझ में आता है वह यह है कि जाड़े और बरसात में वैसे ही पेशाब अधिक आता है। पानी अधिक पीने पर तो और भी हालत खराब हो जाती है। इधर पानी पिया उधर जाओ दो नंबर के लिए। फिर अनुष्ठान में तो हर मल-मूत्र विसर्जन के बाद स्नान का विधान है। ऐसे में क्या ग्यारह दिन मूत्र विसर्जन और स्नान ही करते रहो? फिर एक एक दिन में देश के चार चार दूरस्थ मंदिरों के दर्शन और वहाँ विधि-विधान से पूजन कैसे संभव हो सकता है । हो सकता है बहुमूत्रता से बचने के लिए ही उपवास और थोड़ा सा नारियल पानी का ऐसा विधान किया गया हो। हमने कहा- सुना है उत्तरी कोरिया का राष्ट्रपति किम जोंग उन मल-मूत्र विसर्जन नहीं करता। और यह भी सुनते हैं कि वहाँ की जनता को इस पर विश्वास भी करना पड़ता है। पश्चिमी मीडिया विशेषकर अमरीकी मीडिया उन सब के बारे में ऐसी बातें तरह तरह से फैलाता रहता है जिन्हें वह अपने अनुकूल नहीं समझता। यह अफवाह भी उनमें से एक हो सकती है। जो नहीं खाता उसके बारे में तो यह बात किसी हद तक समझ में आ सकती है लेकिन फिर उस हालत में वह सूख-सिकुड़कर महीने-बीस दिन में मर भी जाता है। किम देखने में तो बहुत मोटा-ताजा है। लगता है सारा भोजन और पेय पदार्थ पेट से सीधे-सीधे मांसपेशियों में ही बदल जाते होंगे। बोला-मोदी जी न तो खुद ऐसी अवैज्ञानिक बातें करते हैं और न ही पसंद करते हैं। वे तो बहुत वैज्ञानिक सोच के व्यक्ति हैं। हाँ, कुछ लोग मोदी जी के न चाहने पर भी उन्हें शिव, विष्णु, कृष्ण आदि का अवतार बताते हैं उस हिसाब से तो यह सच हो सकता है कि वे दो नारियल पानी ही क्या, खूब खा पीकर भी मल-मूत्र विसर्जन न करें। ऐसी स्थिति में तो वे बिना कुछ खाए-पीए और सोये, बिना मल-मूत्र विसर्जन में समय व्यर्थ किये 24 घंटे देश-दुनिया की सेवा कर सकते हैं। हमने कहा- तभी किसी देव मूर्ति के लिए शौचालय का विधान नहीं होता।

अदाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल

गौतम अदाणी

हम अभी भी अपनी विकास गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है। इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन साइट खावड़ा में काम शुरू हुआ और इसके साथ ही एक नया कॉपर स्मेल्टर, ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सहित बहुप्रतीक्षित मुंबई की धारावी का पुनर्विकास कार्यक्रम पर भी काम शुरू हुआ।

हमें अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथाकथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमें उल्लिखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था।

शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा। मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था, क्योंकि आमतौर पर पूंजी बाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं। मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गए। इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ, इस झूठ की सुनामी

में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। इसकी वजह यह थी, उन्हें कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं गवर्नेंस की गहराई से जानकारी थी।

लिहाजा, हमने दशकों से अपनाई पारदर्शी तथ्य और सत्य पर आधारित कार्यपद्धति को ही रणनीति का आधार बनाया। हमारा पहला निर्णय अपने निवेशकों की सुरक्षा करना था। 20 हजार करोड़ रुपये का एफपीओ पूरा सब्सक्राइब हो जाने के बाद भी हमने वह राशि निवेशकों को वापस लौटाने का फैसला लिया। दुनिया के कॉर्पोरेट इतिहास में अभूतपूर्व इस कदम ने निवेशक कल्याण और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस युद्ध के कुहासे भरे माहौल में हमारा सबसे बड़ा हथियार नकद पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता भी थी। हमारे मजबूत नकदी भंडार में 30 हजार करोड़ रुपये थे। इसके अलावा, कंपनियों हमने अपनी हिस्सेदारी को घटाकर अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये जुटाए, इससे हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। यह राशि अगले दो वर्षों के लिए कर्ज चुकाने के बराबर थी। इसके लिए हमारी मदद वित्तीय बाजार में विश्वस्तरीय बेदाग वित्तीय संस्था जैसे जीक्यूजी पार्टनर्स और क्यूआईए ने की। ऐसी संस्थाओं का साथ मिलने से बाकी वित्तीय संस्थानों का भरोसा हमारे प्रति बढ़ा।

बैंकों को मार्जिन-लिंक्ड फाइनेंसिंग के 17 हजार 500 करोड़ रुपये का प्री-पेमेंट करके कंपनी के शेयरों को बंधन मुक्त कर हमने अपने पोर्टफोलियो को बाजार की अस्थिरता से बचाया और रिंग-फेंस किया।इन विपरीत परिस्थितियों से निपटने की जिम्मेदारी स्वयं पर लेते हुए मैंने अपने साथियों को स्पष्ट तौर से व्यवसायों के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। वह किस कदर सफल भी रहे इसका अंदाजा इस बात से लगायें कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 47% की रिकॉर्ड तोड़ मुनाफे में वृद्धि हुई। साथ ही अदाणी पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी अपना अब तक का सबसे अधिक लाभ दिया। इससे साफ जाहिर हो रहा था कि हम ठीक दिशा में आगे जा रहे हैं।

हमने अपने वित्तीय और गैर-वित्तीय हितधारकों के लिए एक व्यापक जुड़ाव कार्यक्रम भी चलाया। अकेले वित्तीय टीम ने शुरूआती 150 दिनों में दुनिया भर में करीब 300 बैठकें कीं, जिससे नौ रेटिंग एजेंसियों द्वारा 104 संस्थाओं की रेटिंग की पुष्टि सुनिश्चित की गई। बैंक, निश्चित आय निवेशक, वेल्थ फंड, इक्विटी निवेशक, जेवी पार्टनर और रेटिंग एजेंसियां हमेशा से हमारे प्रमुख हितधारक रहे हैं, क्योंकि उनके द्वारा की गई व्यापक जांच और सूक्ष्म समीक्षा ही हमारी पारदर्शी कार्य व्यवस्था को रेखांकित और मजबूत करती है। हमने तथ्यों को पारदर्शी ढंग से रखने और हम पर हमला करने वालों के इरादों को उजागर करने के प्रकरण में अपना पक्ष बताने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया। इससे हमारे समूह के खिलाफ नकारात्मक अभियानों का प्रभाव कम हो गया। सार्वजनिक धारणा में बदलाव का एक प्रमाण हमारे शेयरधारक आधार में महत्वपूर्ण वृद्धि है, जो फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश (ऋह्ल''ह्न६ -डल्ल ढ४ु' डाा१ल्लॅ) का प्राथमिक लक्ष्य था। इस चुनौतीपूर्ण वर्ष में, हमारे शेयरधारकों में 43% की वृद्धि हुई, जो लगभग 70 लाख तक पहुंच गई है।

हम अभी भी अपनी विकास गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है। इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन साइट खावड़ा में काम शुरू हुआ और इसके साथ ही एक नया कॉपर स्मेल्टर, ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सहित बहुप्रतीक्षित मुंबई की धारावी का पुनर्विकास कार्यक्रम पर भी काम शुरू हुआ।

इस संकट ने हमारी एक बुनियादी कमजोरी को उजागर किया था कि हमने अपनी क्षमता और कार्य को आम जन तक नहीं पहुंचाया था। हमें समझ आया कि वित्तीय क्षेत्र से बाहर आम लोगों को यह पता ही नहीं है कि हमारा बुनियादी ढांचा कितना मजबूत है या अदाणी समूह ने अब तक क्या किया है या क्या कर रहा है? इसके आकार, पैमाने और गुणवत्ता के बारे में हम इस भुलावे में थे कि समाज में सभी गैर-वित्तीय हितधारक भी हमें और हमारी सच्चाई को जानते हैं। वह यह जानते ही होंगे कि हमारी वित्तीय स्थिति मजबूत है, हमारी कार्य प्रणाली त्रुटिहीन है, विकास के लिए हमारा रोडमैप स्पष्ट है और भारत के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण में हम महती भूमिका निभा रहे हैं।

खैर! इस अनुभव ने हमारे गैर-वित्तीय हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। हमारे ऊपर कई तथ्यहीन आरोप थे जैसे, हमारी कंपनियों की क्षमताओं के अनुपात में कर्ज बहुत ज्यादा है। जबकि वास्तविकता ये है कि हमारा कर्ज, हमारी समकक्ष कंपनियों की तुलना में कम है। इसके अलावा यह भी आक्षेप थे कि किसी राजनीतिक दल विशेष का संरक्षण, हमारी सफलता का कारण है। लेकिन सच ये है कि हमारा समूह अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा शासित 23 राज्यों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह तभी संभव है जब हम राजनीतिक रूप से निरपेक्ष है। बहरहाल, हमने अपने गैर वित्तीय संवाद पर भी ध्यान दिया और उसके बेहतर परिणाम भी दिखने लगे है।

नवोन्मेष की ओर बढ़ते कदम


गिरीश्वर मिश्र

देश को सामरिक चुनौतियों के सामना करने के लिए सेना को आधुनिक उपकरणों और जरूरी तैयारी से लैस करने का काम तेजी से आगे बढा है। सेना ने कई अवसरों पर देश की शक्ति और सामर्थ्य को प्रमाणित किया है। विज्ञान और तकनीकी की दृष्टि से चंद्रयान की सफलता और सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य उपग्रह बड़ी सफलताएँ हैं।

यद्यपि गणतंत्र की अवधारणा और स्वाधीनता के विचार भारत में कई हजार साल पहले व्यवहार में थे परंतु ऐतिहासिक उठा-पटक के बीच वे धूमिल पड़ते गए थे। यदि निकट इतिहास में झाकें तो अंग्रेजी राज ने उपनिवेश स्थापित कर लगभग दो सदियों तक फैले काल-खंड में भारतीय समाज को साम्राज्यवाद का बड़ा कड़वा स्वाद चखाया था। भारत को अपने लिए उपभोग की सामग्री मान बैठ अंग्रेजों की कुनीति ने देश का भयंकर शोषण किया। उस दौर में भारत को अपने रंग-ढंग में ढालने की लगातार कोशिशें होती रहीं। भारत का मौलिक स्वभाव संकीर्ण न हो कर वैश्विक था। परस्पर निर्भरता और अनुपूरकता के आधार पर सामाजिक समरसता, भ्रातृत्व और सौहार्द के साथ सह अस्तित्व को सांस्कृतिक लक्ष्य के रूप में वैदिक काल में ही स्वीकार करते हुए संकल्प लिया गया था - संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गए स्वतंत्रता संग्राम के नायकों ने देश चलाने के लिए गणतांत्रिक पद्धति को विकल्प के रूप में अपनाया। गणतंत्र का वरण स्वाधीनता और लोक-संग्रह की भारतीय मानसिकता की दृष्टि के अनुकूल था।

अंग्रेजी राज में भारतीयता को संदिग्ध बनाते हुए उसका हर तरह से अवमूल्यन किया। इस विषैली सोच का सघन प्रचार-प्रसार करते हुए भारतीयों को भारत से अपरिचित बनाने का बीड़ा उठाया गया। इस प्रक्रिया में भारतीयों के मन में भारत के प्रति घृणा और विद्वेष का भाव भी भरा गया । साथ ही वरीयताओं को बदलते हुए ऐसे कामों में झोंक दिया गया जो बुनियादी तौर पर अनुपयोगी थे परंतु उसे ही सार्वभौमिक प्रतिमान बना कर न केवल पेश किया बल्कि इसे अंगीकार करने के लिए समाज को बाध्य किया। भारतीयों को पराए को अपना बनाने और जो अपना था उसे पराया बनाने के लिए अंग्रेजों ने भयानक षडयंत्र रचा। इसके लिए लार्ड मैकाले की दूरगामी योजना के अनुसार शिक्षा का जबरदस्त विन्यास किया गया क्योंकि पूरा भारत अशिक्षित और अनपढ़ जनजाति में तब्दील करना था। वे एक नए भारत को गढ़ने में जुट गए जो शरीर से भारतीय और मन से अंग्रेज हो। यह दुविधा इतनी कूट-कूट भरी गई कि आत्मसंशय की गाँठ बहुतों के मन से आज भी नहीं जा सकी है। अंग्रेजी हुकूमत की दुरभिसंधि का प्रतिरोध महात्मा गांधी ने हिंद-स्वराज में अपनी सभ्यता-समीक्षा द्वारा किया था। बाद में विचारों में स्वराज की आवाज भी केसी भट्टाचार्य जैसे चिंतकों ने उसी दौर में उठाई थी जब स्वराज पाने की लड़ाई तेज हो रही थी। अंग्रेजी शासन की मिलने वाली शारीरिक और मानसिक पीड़ा के आलोक में गणतंत्र का विचार बड़ा आकर्षक और मुक्तिदायी लगा था। गणतंत्र के संचालन के लिए विचार-विमर्श के बाद भारतीय संविधान बना। उसे देश ने स्वीकार किया और उसकी परिधि में ही शासन संचालन के लिए अपने को प्रतिबद्ध किया।

देश को जब स्वाधीनता मिली थी तब देश की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल थी। शिक्षा, उद्योग, सामरिक तैयारी, और अन्य आधारभूत संसाधनों की दृष्टि से देश पिछड़ा हुआ था। अखंड भारत के विभाजन के चलते समाज के बहुत बड़े तबके को कई तरह के उत्पीड़न झेलने पड़े और कश्मीर जैसी कुछ समस्याओं का निदान न होने के कारण सतत आतंकवाद का सामना करना पड़ा। इस बीच देश के आंतरिक दबावों और वैश्विक राजनय के उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय गणतंत्र मयार्दा में रहते हुए सात दशकों की यात्रा पूरी की है। चुनौतियों को स्वीकार करते हुए एक गणतंत्र के रूप में आकार लेने के बावजूद भारत औपनिवेशिकता की जकड़ से पूरी तरह से आजाद नहीं हो सका। लगभग दो सदियों के अंग्रेजी शासन के दौरान शिक्षा, कानून-व्यवस्था, भाषा-प्रयोग, नागरिक जीवन से जुड़ी व्यवस्थाओं और विश्व-दृष्टि के मामलों में हम पश्चिम के ही मुखापेक्षी हो गए और सारी व्यवस्थाएं उधारी की दृष्टि से लागू की जाती रहीं। इसका दुष्परिणाम अनेक क्षेत्रों में दिख रहा है। आकार में विश्व के सभी देशों में सबसे बड़ा भारतीय गणतंत्र के जीवन में सर्वाधिक समय तक, कांग्रेस या कांग्रेसनीत सरकार ही बनी रही। इस बीच जिस तरह लालफीताशाही बढ़ी, घोटालों की झड़ी लगी और वंशवाद से बाहर न निकलने की विचित्र मजबूरी दिखी । इन सबसे देश की सबसे पुरानी पार्टी की साख बुरी तरह से घटी है । राजनीति की नई संस्कृति में राजनेता जमीन से दूर होते गए और निहित स्वार्थों को सुरक्षित रखने के उद्यम मुख्य हो गए। इस परिदृश्य में वर्तमान सरकार के एक दशक दृढ़ इच्छा-शक्ति के साथ राष्ट्रीय हितों के लिए संलग्नता की दिशा में प्रयास किया जिसे अपार जन-समर्थन मिला है। गरीबों और वंचितों की जरूरतों की ओर ध्यान देते हुए उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के कदम उठाए, उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी पहल की, आधार-संरचना को मजबूत करने के बहु आयामी प्रयास चल रहे हैं, कृषि-व्यवस्था को सुधारने और उसे आर्थिक रूप से समर्थ बनाने का उपक्रम शुरू हुआ है। शिक्षा में संरचना, प्रक्रिया और सुविधाओं के लिए गंभीर सुधार लाने के प्रयास शुरू हुए हैं। काशी, उज्जैन और अयोध्या के प्राचीन धर्म क्षेत्रों में लोक-आस्था का आदर करते हुए जीर्णोद्धार और नव-निर्माण के कई साहसी और महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो जन-जन में भरोसा और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाले हैं। नए संसद भवन का रिकार्ड अवधि में निर्माण हुआ। सांस्कृतिक दृष्टि से स्टैच्यू आफ लिबर्टी और ओंकारेश्वर में शंकराचार्य की प्रतिमा कश्मीर के लिए संवैधानिक प्रावधान करते हुए ऐतिहासिक पहल की गई। साथ ही भ्रष्टाचार पर लगाम कसी गई है।

देश को सामरिक चुनौतियों के सामना करने के लिए सेना को आधुनिक उपकरणों और जरूरी तैयारी से लैस करने का काम तेजी से आगे बढा है। सेना ने कई अवसरों पर देश की शक्ति और सामर्थ्य को प्रमाणित किया है। विज्ञान और तकनीकी की दृष्टि से चंद्रयान की सफलता और सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य उपग्रह बड़ी सफलताएँ हैं। देश की सामर्थ्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने वाले कई कदम उठाए गए हैं। जी-20 का सफलतापूर्वक आयोजन और अनेक वैश्विक चचाओं में प्रमुखता से भागीदारी ने भारत की प्रतिष्ठा बढाई है। अमृत-काल में देश की क्षमता नई ऊँचाइयों को छू रही है। उन्नति की इस लय को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी कार्य-संस्कृति का विकास जरूरी है।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

राघव रंग में डूबा भारतीय गणतंत्र


डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'

राघवमय गणतंत्र के मूल में राम की शिक्षाएँ, नीति, व्यवस्थाएँ और विकसित भारत की तैयारी है। राघव के आने से राघवमय भारत हुआ है, भारतीय गणतंत्र हुआ है और निःसंदेह गणतंत्र की स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश पूर्णरूपेण राघवमय है। अयोध्या में हुए मंदिर निर्माण के सहारे जनता में न्यायपालिका के प्रति विश्वास बढ़ा भी है

अरुण की लालिमा फैलने लगी, दसों दिशाओं में भारत की गूंज उठने लगी, वैश्विक रूप से मजबूत होता भारत अमृत काल की अमृत बेला का नेतृत्व करने लगा, विश्व में भारत भारती का जयघोष होने लगा, क्या अमेरिका, क्या ब्रिटेन, सभी राष्ट्राध्यक्ष अब केवल भारत की नीतियों से चमत्कृत हो रहे हैं। जब पश्चिम अपनी सांध्य बेला में भारत की बाँसुरी को सुनकर आनंदित हो रहा है, नीतियों में शिक्षा, जनसँख्या नियंत्रण, स्वरोजगार प्रथम हो रहा है, ह्यमेक इन इंडियाह्ल और स्टार्टअप भारत वाला प्रभाव अब विश्व को भारत की ओर आकर्षित कर रहा है, साथ-साथ भयाक्रांत भी कर रहा है कि अब भारत एक्सपोर्टर भारत है जहाँ इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट अधिक है। आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है।

भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन् 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निमार्ताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है।

भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और

अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।'

ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है। विगत एक दशक में भारत के संविधान में आश्चर्यजनक परिवर्तन नजर आए जैसे कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हट जाना और फिर कश्मीर समस्या का हल ही हो जाना, तीन तलाक जैसी विषैली और मुस्लिम स्त्री विरोधी व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना, कई सौ बेकार के कानूनों का संविधान से लोपित हो जाना, एक देश-एक विधान-एक निशान जैसी व्यवस्था का निर्माण हो जाना, संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करके हर व्यक्ति को उसका मौलिक अधिकार रोटी, कपड़ा और मकान मिलना भी राजनीति की उत्कृष्ट मंशा का सुफल है। इसी के साथ 1884 से न्यायालयों में विचाराधीन रखे जन्मभूमि विवाद को हल करके 22 जनवरी 2024 को मंदिर में राष्ट्रदेव राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करके यह सन्देश दे दिया कि भारत विवाद नहीं बल्कि विस्तार चाहता है। आन्तरिक या कहें घरेलू विवादों को सिरे से हल करने की राजनैतिक मंशा का हमेशा स्वागत होना चाहिए, वह हो भी रहा है।

संविधान लागू होने के साथ ही बीते 74 वर्ष में भारत ने राजधर्म और प्रजाधर्म का पालन संविधान प्रदत्त शक्तियों की सहायता से ही किया है और इसी राजधर्म के केंद्र में राम राज्य की संकल्पना भी हमेशा रही है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम के राज्य की सत्यनिष्ठ, धर्मप्रधान और न्यायपूर्ण राजनीति भारत के बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। इसी आधारभूत संरचना के सहारे आज भारत में रामलला की जन्मभूमि पर उनका मंदिर निर्मित हो पाया है। संवैधानिक शक्तियों और न्यायपालिका के निर्णय ने ही यह बताया कि राघव की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण होगा।

रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि 'ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियाँ, फिर न जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है। मैं अपने देश के युवाओं से कहूँगा, आपके सामने हजारों वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है। आप भारत की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं...जो चांद पर तिरंगा लहरा रही है, जो 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करके, सूर्य के पास जाकर मिशन आदित्य को सफल बना रही है, जो आसमान में तेजस... सागर में विक्रांत...का परचम लहरा रही है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आपको भारत का नव प्रभात लिखना है। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता की अनंतता, दोनों ही पथ पर चलते हुए भारत, समृद्धि के लक्ष्य तक पहुँचेगा।'

राघवमय गणतंत्र के मूल में राम की शिक्षाएँ, नीति, व्यवस्थाएँ और विकसित भारत की तैयारी है। राघव के आने से राघवमय भारत हुआ है, भारतीय गणतंत्र हुआ है और निःसंदेह गणतंत्र की स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश पूर्णरूपेण राघवमय है। अयोध्या में हुए मंदिर निर्माण के सहारे जनता में न्यायपालिका के प्रति विश्वास बढ़ा भी है और यह सन्देश भी गया कि राघव के मंदिर के निर्माण पर हो रहे सैंकड़ो वर्षों के विवाद का हल भी भारत के संविधान में प्रदत्त शक्तियों के द्वारा ही हुआ है। इसीलिए 2024 का गणतंत्र राघवमय है।

(लेखक, मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।)

प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचार मुक्त कराना बड़ी जिम्मेदारी : उपायुक्त

पलामू (हि.स.)। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गयी। समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर आयोजित इस बैठक में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए सभी को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है। निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधितों से जेएसएससी प्रतियोगिता परीक्षा के सभी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करवाने की बात कही। उपायुक्त ने सभी उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो। 28 जनवरी व चार फरवरी को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर जिले में 17 केन्द्र बनाए गये हैं। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली में 8.30 से 10.30, द्वितीय पाली 11.30 से 1.30 बजे जबकि तीसरी पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है।

प्रेम प्रसंग में नाबालिग बहन का मर्डर, भाई-बहनोई गिरफ्तार

पलामू (हि.स.)। जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खडार टोला में बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज भाइयों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित एक भाई और बहनोई को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपित फरार हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। जिले के एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरूवार को अपने कार्यालय में जानकारी दी कि नाबालिग बहन अपने प्रेमी से मिलने गई थी, इसी बात पर परिजन नाराज हो गए। उनकी नाराजगी इतनी बढ़ गई कि चारों भाइयों ने मिलकर अपनी ही बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड को अंजाम देने में बहनोई भी शामिल रहा। घटना के बाद लड़की के परिजनों ने प्रेमी के खिलाफ एफआईआर भी करवा दी। हालांकि जांच में प्रेमी निर्दोष साबित हुआ। आरोपी चार में एक भाई एवं एक बहनोई को गिरफ्तार किया गया। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पांच जनवरी को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खडार गांव के उपरलिटांड़ से एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ था। इसको लेकर लड़की के परिजनों ने उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। परिजनों ने बताया था कि 3 जनवरी की रात उनकी लड़की अपने प्रेमी के साथ गई थी, उसके बाद वो वापस नहीं लौटी है और 5 तारीख को उसका शव बरामद हुआ। परिजनों ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया था और नामजद एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि प्रेमी ने लड़की को उसके घर सकुशल पहुंचा दिया गया था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर भी इसकी पुष्टि हुई। परिजन अपनी पुत्री के प्रेम संबंध से नाराज थे। बाद में नाबालिग के चार भाई (तीन चचेरे) और चचेरे बहनोई ने मिलकर उसकी हत्या की योजना तैयार की। चचेरे भाइयों और बहनोई ने लड़की की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को उपरलिटांड़ के पहाड़ पर एक पेड़ से लटका दिया था। पुलिस ने नाबालिग लड़की के भाई गुड्डू कुमार उर्फ चंदन कुमार और बहनोई सुडु कुमार को गिरफ्तार किया है। सुडु बिहार के औरंगाबाद के ढिबरा का रहने वाला है। शुरूआत में इसे आत्महत्या बताया जा रहा था पर अनुसंधान के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया हैं।

मतदाता दिवस पर लोहरदगा व्यवहार न्यायालय परिसर में शपथ समारोह

लोहरदगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में लोहरदगा व्यवहार न्यायालय परिसर में सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शपथ समारोह में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। लोहरदगा डालसा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। इसी उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से 25 जनवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी 18 से अधिक उम्र वाले लोगों के बीच पहुंचकर सामूहिक शपथ ग्रहण कराएं। साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग और लोकतंत्र की महत्ता पर भी लोगों में जागरुकता फैलाएं।

जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

गुमला। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नया समाहरणालय परिसर में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिले के वरिय अधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान समस्त अधिकारियों ने जिले वासियों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। नए मतदाताओं को दिया गया वोटर आईडी कार्ड, एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिले के वरीय अधिकारियों के हाथों आठ नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड के साथ गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपर वाइजर्स - विशु बरला, अमित कुमार ,अनिता मिंज, किरंती कुमारी, एवं अशोक कुमार को प्रशस्ति पत्र गुलाब के फूल के साथ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालयों में किया गया प्रतियोगिताओं का आयोजन ,कार्यक्रम में विजेताओं को किया गया सम्मानित मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के एसएस+2 बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबगांधी आवासीय विद्यालय एवं राजकियकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खोरा (गुमला) में स्लोगन, निबंधन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी उपायुक्त एवं सभी अधिकारियों ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया । कस्तूरबागंधी आवासीय विद्यालय में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम आए सहजादी खातून, द्वितीय स्थान पर सोनी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर रहीं पूनम कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं एसएस+2 बालिका उच्च विद्यालय गुमला में आयोजित निबंधन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान पर सरस्वती कुमारी एवं तृतीय स्थान निरोज कुमारी ने हासिल किया। एवं राजकियाकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खोरा में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रेम लोहरा, द्वितीय स्थान पर राजकुमार सिंह एवं तृतीय स्थान सोनू लहरा ने हासिल किया।

पलामू में किराना गोदाम में शॉट सर्किट से लगी आग, पांच लाख का नुकसान

पलामू। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के शिवाला रोड से सटे शास्त्री नगर में स्थित किराना गोदाम में गुरुवार को शॉट सर्किट से आग लग गई। आग से कई तरह के किराना सामान जलकर नष्ट हो गए। करीब पांच लाख का नुकसान बताया गया है। घटना सुबह सात बजे की बताई गई है। शॉर्ट सर्किट से गोदाम के अंदर आग लगने के कारण बाहर में केवल धुआं उठते नजर आया। बाहर से पता नहीं चल रहा था कि अंदर भयंकर आग लगी है। आसपास के लोगों ने गोदाम से धुंआ निकलते देखकर मकान और गोदाम मालिक को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद टीओपी वन के प्रभारी सुधीर दुबे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद एक-एक कर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। चार से पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी गई। गोदाम प्रदीप अग्रवाल का था और सियाराम प्रसाद के मकान में स्थित था। नीचे के फ्लोर में गोदाम था और इसमें ही सारे किराने के सामान रखे हुए थे। प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि आग से सभी तरह के किराना सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। करीब पांच लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी दुकान बाजार एरिया में है जबकि घर शास्त्री नगर में है और घर से गोदाम सटा हुआ है।

पौषी पूर्णिमा व्रत में मंगलदाता भगवान का मंगल योग में हुआ अनुष्ठान

नव प्रदेश संवाददाता

रांची :25 जनवरी गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पौष मास की पूर्णिमा व्रत को ले भक्तिपूर्वक समायोजन हुआ। अपने भक्तों के ऊपर अनुग्रह करने के लिए आकुल रहनेवाले सर्वव्यापी श्रीवेंकटेश्वर का षोडशोपचार नित्याराधन हुआ। निखिल विश्व के आत्मा श्रीवेंकटेश्वर व उनकी पटरानियां श्रीश्रीदिवी, श्रीभूमिदेवी एवं पद्मावती का गंध, धूप, दीप, गंगाजल, कुंकुम, पुष्प एवं तुलसीदल इत्यादि से हुआ तिरूवाराधन। फिर सम्पूर्ण विष्व के कर्ता, सर्वशक्तिमान श्रीतिरुपति बालाजी दम्पति समेत अज्ञानान्धकार का विनाशक और ज्ञान मार्ग का प्रकाशक नक्षत्र आरती, अकाल मृत्यु के भय को छुड़ानेवाला कुंभ की आरती तथा आधि-व्याधि, शोक और भय को छुड़ानेवाला कर्पूर की आरती हुई। जिन भगवा‌् श्रीनिवास का यश, मंगल, धर्म, श्री, सुख, मोक्ष और हर्ष प्रदान करना स्वभाविक गुण है, उन परमात्मन को प्रसन्न करने के उद्देश्य से वेदोक्त स्तोत्रों से उनके भुवन-पावन यश का स्तुति पूर्वक निरंतर गान किया। सर्वव्यापक, अन्तयार्मी श्रीवेंकटेश प्राप्तव्य जो साक्षात परमात्मा है, उन्हें उनके नीज पाकशाला में ही बने पकवान का नैवेद्य भोग लगता है, सो आज बाल भोग में दधिओदन, सूजी हलवा, फल व मेवा का भोग लगा। आज के दिनभर का भोग मनोज-सुलक्ष्णा तिवारी रांची निवासी ने निवेदन किया। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने पूरे दिन के अनुष्ठान को रात्रि शयन आरती के पश्चात् संपन्न कराया। इनकी रही सहभागिता राम अवतार नारसरिया, अनूप अग्रवाल, जगमोहन नारसरिया, रंजन सिंह, शम्भूनाथ पोदार, प्रभाष मितल, राजकुमार मितल, सीता शर्मा, यशोदा देवी, सुधा झा, गौरव धई इत्यादि।

वह किताब, जिसपर धनबाद होता है गौरवान्वित

गणतंत्र दिवस पर विशेष...

धनबाद। संविधान के बारे में तो हम सभी ने पढ़ा है, लेकिन जिस किताब में संविधान के नियमों तथा कर्तव्यों को लिखा गया है, उस किताब को कम ही लोगों ने देखा होगा। आपको बता दें संविधान की 16 मूल प्रतियों में से एक प्रति धनबाद पुस्तकालय में सुरक्षित रखी गई है। संविधान की इस प्रति को बहुत ही दुर्लभ माना जाता है। जिसके पीछे की कहानी को जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल 1950 में जब भारत का संविधान तैयार हुआ था, उस संविधान की मूल प्रति की एक कॉपी बाद में धनबाद लाई गई थी, जो आज भी धनबाद लाइब्रेरी में मौजूद है।

संविधान की इस प्रति में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित संविधान सभा के सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। संविधान लागू होने के समय देशभर में कुल 16 मूल प्रतियां जारी की गई थीं, उन्ही में से ये वह एक कॉपी है।

बताया जाता है कि इस किताब को लिखने के लिए जिस कागज का प्रयोग किया गया है, उसे 1000 वर्ष तक भी सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही इस पर लिखें अक्षरों को पढ़ा जा सकता है। किताब के अंदर विभिन्न नियमों व कर्तव्यों को समझाने के लिए कई प्रकार के चित्रों का भी प्रयोग किया गया है। ये प्रति कई मायनों में खास है। सबसे खास बात तो यह है कि इसके आवरण पृष्ठ पर स्वर्ण अक्षर अंकित हैं। प्रति के कुल 231 पेज हैं और इसमें संविधान के अनुच्छेद 344 से लेकर 351 तक उल्लेखित हैं।

सामान्य तौर पर यह अलमारी में सुरक्षित रहती है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और संविधान दिवस के मौके पर इसे देखने के लिए काफी लोग आते हैं। संविधान की प्रति को देखने आने वाले भी इसे अनमोल मानते है, साथ ही उनका कहना है कि इससे हमे देश के गौरवशाली संविधान के बारे में जानने का मौका भी मिलता है। इसके साथ वो इसे देखने पर अपने देश के गौरवशाली इतिहास पर गर्व करते हैं। जानकारी के अनुसार संविधान की असली कॉपी प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने हाथों से बेहतरीन कैलीग्राफी के जरिए इटैलिक अक्षरों में लिखी गई थी। इसके हर पन्ने को शांतिनिकेतन के कलाकारों ने सजाया था। धनबाद लाइब्रेरी प्रबंधन और वहाँ मौजूद धनबाद शिक्षा पदाधिकारी का कहना है कि, 'यह हमारे लिए गौरव की बात है कि संविधान की यह विशेष मूल प्रति हमारे पास है। इसे देखने के लिए दूर दराज से लोग आते हैं। ये प्रति कई मायनों में खास है।

एक नजर

छात्र-छात्राएं त्रस्त विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त : आजसू

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद नारायण से मुलाकात कर उन्हें पीजी के छात्र-छात्राओं को एडमिशन लेने में हो रही परेशानी से अवगत कराया। रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा के बीते दो-तीन दिनों से छात्र-छात्राएं एडमिशन फॉर्म भरने को लेकर काफी परेशान है जिसकी अंतिम तिथि 29 जनवरी है। वही बैंक में 26 27 ,28जनवरी को अवकाश है। ऐसे में 29 तारीख को एडमिशन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है। ऐसे में आज भी हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं सुबह से ही परेशान थे शाम 4:00 बजे विश्वविद्यालय का बैंक बंद हुआ और सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। हर एक साल पीजी कैंपस में एडमिशन के लिए एक्सटेंशन काउंटर खोला जाता था जो की इस बार नही खुला है। छात्र आजसू के सदस्य ने मांग किया के पीजी विभाग में एक्सटेंशन काउंटर खोला जाए। एडमिशन लेने एवं फॉर्म भरने की तिथि को 5 दिनों के लिए बढ़ाया जाए। कुलसचिव ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

न्यायाधीशों ने ली प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करने की शपथ

धनबाद। जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं सिविल कोर्ट कर्मचारियों ने प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करने की शपथ ली कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश श्री शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी, 1950 को हुआ था, इसलिए आयोग के द्वारा वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। साथ ही लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखने में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन, अतिरिक्त फैमिली जज फैमिली कोर्ट एसएन मिश्रा,लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी,जिला एवं सत्र न्यायाधीश,स्वयंभू , रजनीकांत पाठक,सुजीत कुमार सिंह,प्रभाकर सिंह, राजकुमार मिश्रा अखिलेश कुमार,नीरज कुमार विश्वकर्मा,संजय कुमार,कुलदीप मान, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी,अवर न्यायाधीश सिविल जज श्वेता कुमारी,शिवम चौरसिया,सफदर अली नायर,विशाल माजी, प्रतिमा उरांव ,पूनम कुमारी,रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, अनुष्का जैन,सुमंत दीक्षित ,दिव्या राघव, दिव्या अश्वनी, सत्यभामा, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार समेत डालसा के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सिविल कोर्ट कर्मचारी, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संतोष कुमार, अनुराग पांडे, सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के संजय सिन्हा, रजनीश श्रीवास्तव, शमशेर आलम, महबूब आलम, विनय राणा, सुदीप कुमार, नाजिर अनिल कुमार,रणधीर कुमार, अतुल वर्मा, अमित किशोर, मो मोईन, संजय शर्मा, नायब नजीर नलिनीकांत मिश्रा, मुकेश शर्मा, अक्षय सिंह, परलीगल वॉलिंटियर हेमराज चौहान, राजेश कुमार, गीता कुमारी, राजेश सिंह

वी ने एक्सक्लुजिव ऑफर्स की रेंजर पेश की

रांची। भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए एक्सक्लुजिव ऑफर्स की रेंज की घोषणा की है। वी के प्रीपेड उपभोक्ता वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने पर चुनिंदा रीचार्ज पैक पर स्पेशल डील्स का लाभ उठा सकते हैं। वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक के स्पेशल डेटा फायदे और रु 75 का इंस्टेन्ट डिस्काउन्ट ऑफर मिलेगा। उपभोक्ताओं को 179, 195, 199 आर 239 के रीचार्ज पर हीरो अनलिमिटेड 299 पैक पर अपग्रेड करने के लिए रु 50 तक का फ्लैट डिस्काउन्ट मिलेगा। इस ऑफर के तहत कट डाउन रेट्स पर अनलिमिटेड नाईट डेटा, वीकेंड डेटा रोल-ओवर फायदे पा सकते हैं। रु 2899 और रु 3099 के पैक पर वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को 50 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा। रु 1449 के पैक पर वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को 30 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा। वहीं, वी, इन्फो ऐज के प्रमुख ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेन्ट प्लेटफार्म जॉब है के साथ साझेदारी में 26 जनवरी से 31 जनवरी 2024 के जॉब मेला भी ला रहा है। वी जॉब मेला 45 से अधिक कैटेगरीज जैसे टैलीकॉलर, सेल्स, बिजनेस डेवलपमेन्ट, बैक ऑफिस, ग्राफिक डिजाइनर, डिलीवरी और सिक्योरिटी गाड्र्स में 5 लाख से अधिक नौकरियां पेश करेगा। बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी का चयन अंडर 23 झारखंड महिला क्रिकेट टीम में हुआ है कुमारी पलक इसी साल झारखंड क्रिकेट महिला अंदर 15 की कप्तान रह चुकी है अंडर 15 में बेहतरीन प्रदर्शन की वजह से कुमारी पलक को अंदर 23 कैंप में रखा गया. कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि पर कोच पंचित कुमार महतो एवं मां संगीता कुमारी भगत जो नगरी थाना में रक के पद पर कार्यरत है और पिता जय भरत सिंह जिनका खुद का व्यापार देवघर में है और क्लब के सचिव जुगुन मुंडा एवं क्लब के सभी सदस्यों ने बधाई दी है। झारखंड अंदर 23 का पहला मैच 28 जनवरी 2024 को विदर्भ और झारखंड के बीच खेला जाएगा यह मैच विजयवाड़ा में होगा।

नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर

गुमला। स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक के सभागार में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर गुमला द्वारा एक दिवासीय कैरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला नियोजन पदाधिकारी श्रीराम बारी, यंग प्रोफेश्नल रवि कुमार गहलोत, गुमला पॉलिटेक्निक के प्रधानध्यापक डॉ० शिव नारायण साहु एवं संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल तथा गुरुकुल शिक्षा के काउंसलर-सुरज प्रसाद, डायरेक्टर गुरुकुल शिक्षा राँची-डॉ० एस० एस० सिंह, चैयरमन-अजित कुमार, डायरेक्टर-सत्यम कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलीत कर किया गया। इस एक दिवासीय कैरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन विशेषकर गुमला पॉलिटेक्निक में पढ़ रहे विभिन्न ट्रेडस के छात्र-छात्राओं को भविष्य में कैरियर से संबंधित जानकारी जैसे डिग्री इंजीनियरिंग गवर्नमेंट एक्जाम तथा यूपीएससी जेपीएससी रेलवे बैंकिंग तथा इंटरव्यू प्रिपरेशन एवं पर्सनैलिटी डेवलपमें विषयों पर काउंसलरों एवं जिला के पदाधिकारीयों द्वारा मार्गदर्शन तथा मोटिवेशनल वक्तव्य भी दिया गया, जिसमें गुमला पॉलिटेक्निक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा इस सत्र का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन हेतु उच्च वर्गीय लिपिक प्रवीन सुरीन, डोमन साहु, विजय लकड़ा, संदीप राम, कृष्णा राम, एवं मंजूला लकड़ा का भरपुर सहयोग रहा। इस एक दिवासीय कैरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन सत्र का गुमला पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम में सभी संकायों के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याता उपस्थित रहे।

कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराएं जेजीजीएलसीसीई परीक्षा : उपायुक्त

57 परीक्षा केंद्रों में 28500 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 28 को परीक्षा

न्यायसदन सभागार में सभी केंद्राधीक्षकों,स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं गस्ती दल/मजिस्ट्रेटों के साथ डीसी व एसपी ने की बैठक, दिया जरूरी दिशा व निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। 28 जनवरी को होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) 2023 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने न्याय सदन सभागार में सभी केंद्राधीक्षकों,स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं गस्ती दल/मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा,सभी थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने सभी केंद्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्तर से कोई चूक नहीं होनी चाहिए। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग-दर्शिका का शतप्रतिशत अनुपालन करेंगे। ससमय केंद्रों पर उत्तर पुस्तिका/ओएमआर सीट एवं अन्य सामग्री उपलब्ध हो जाएं इसे समन्वय के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, प्रश्न पत्र परीक्षा तिथि को मजिस्ट्रेट/पुलिस बल को ससमय कोषागार से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने एवं वहां से उत्तर पुस्तिका/ओएमआर सीट को पुनः कोषागार लाने को कहा। उपायुक्त ने समन्वय के साथ सभी पदाधिकारियों/कर्मियों/केंद्राधीक्षकों को कार्य करने को कहा। जारी मार्ग दर्शिका के अनुरूप ही सभी कार्य दायित्व को निष्पादित करना है। कौन सा प्रपत्र किस व्यक्ति को भरना है,उसी अनुरूप कार्य करेंगे। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी अपने दायित्वों का सही ढंग से निष्पादन करें। कहीं किसी भी स्तर से कोई लापरवाही नहीं हो। मौके पर उप विकास आयुक्त,अपर नगर आयुक्त एवं अपर समाहर्ता ने परीक्षा को लेकर विस्तृत गाइड लाइन से सभी को अवगत कराया। उल्लेखनीय हो कि, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) 2023 के लिए जिले के सभी प्रखंडों में 57 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें कुल 28,500 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मौके पर परीक्षा संचालन से संबंधित सभी केंद्राधीक्षक, पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

एक नजर

एनएसीआई ने किया विश्वविद्यालय के नए सीसीडीसी का स्वागत

धनबाद। एनएसयूआई विश्वविद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के नए सीसीडीसी आरके तिवारी को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने पौधा भेट करते हुए स्वागत कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र एवं एनएसयूआई यह आशा करते हैं कि नए सीसीडीसी के आने से विश्वविद्यालय का विकास चौमुखी एंव तीव्र गति से होगी और छात्रों को विश्वविद्यालय में पढ़ने लायक उत्तम व्यवस्थाएं प्रदान की जाएगी।वहीं जिला महासचिव नितेश शर्मा ने कहा की आर के तिवारी का स्वभाव पहले से ही छात्र हित में रहा है और अब सीसीडीसी का नया पदभार मिलने के बाद छात्र हित में अनेकों कार्य किए जाने की आशा प्रबल हो चुकी है। इसके साथ ही सीसीडीसी आरके तिवारी से विश्वविद्यालय के विकास से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी विश्वविद्यालय कार्यकारी अध्यक्ष अंकित कुमार, जिला महासचिव नितेश शर्मा, पकरा कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह एवं मोहित उपस्थित थे।

कुल्हाड़ी से मार कर पुत्र ने के पिता की हत्या

धनबाद। धनबाद के पाण्डरपाला में एक युवक ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम मुजफ्फर है। वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी जफर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि जफर मानसिक रूप से बीमार है। लोगों का कहना है कि बाप बेटे में किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा की आरोपी ने उत्तेजित होकर पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। लोगों ने घायल शख्स को आनन-फानन में हॉस्पिटल पहुंचाया लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी की मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हत्यारे बेटे को धर दबोचा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

ज्योति श्री बालाजी प्लाई का बड़े पैमाने पर हुआ पुनः उद्घाटन

धनबाद। ज्योति श्री बालाजी प्लाई ललिता कॉम्लेक्स, एचडीएफसी बैंक के बगल में, धैया स्थित ज्योति श्री बालाजी प्लाई के 11वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस जाने माने प्लाई प्रतिष्ठान के ओनर कमल चौधरी की माता कौशल्या चौधरी ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कर एवं रिबन काटकर उद्घाटन किया। मौके पर प्रतिष्ठा के ओनर अंकुर चौधरी ने बताया बालाजी प्लाई का अब बड़े पैमाने के साथ शुभारंभ किया जिसमें डेकोरेटिव पैनल, हार्डवेयर फिटिंग्स, मॉडल किचन विद फिटिंग्स, नेचुरल, स्टोन एवं फ्लैक्सिबल विनियर्स जो विभिन्न लेटेस्ट,आकर्षक डिजाइनों एवं रेंज में उपलब्ध है। साथ ही शोरूम में ही एक्सक्लूसिव रॉयल क्रॉउन लैमिनेट्स गैलरी में लेटेस्ट लैमिनेट्स उपलब्ध है जो घरों, ऑफिस, रिजॉर्ट, होटल एवं अन्य वायसायिक स्थलों की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। वर्तमान में इंटीरियर एवं साज सज्जा करवा रहे धनबादवासियों को एक बार शोरूम आकर लेटेस्ट आइटम्स का आकलन करने का हार्दिक आग्रह किया। शोरूम के उद्घाटन समारोह में विमल चौधरी, अशोक जलूका, मनीष जैन, प्रभास अग्रवाल, डिल्लू अग्रवाल, सुधा चौधरी, ज्योति चौधरी, कुसुम जलूका समेत अन्य अतिथि एवं ग्राहक मौजूद थे।

धनबाद के संघर्षशील कलाकारों के उत्थान के लिए उचित मार्गदर्शन व सहयोग जरूरी : उदय सिंह

धनबाद। धनबाद के एक निजी कार्यक्रम में आए भोजपुरी फिल्म के गायक एवं सुपरस्टार अभिनेता पवन सिंह से कलाकार संघ के संरक्षक एवं समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की और उन्होंने पवन सिंह से कहा कि धनबाद जिला के कलाकार संघ के प्रतिभावान संघर्षशील कलाकारों, गायको एवं टेक्निशियनों को आपको राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में मदद करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास करना चाहिए। इस बाबत पवन सिंह ने आश्वस्त किया कि फिल्मों एवं गायिकी के क्षेत्र में धनबाद के हर प्रतिभावान कलाकारों को आगे बढ़ाने में जरुर मदद करूंगा। इसके लिए धनबाद कलाकार संघ से संरक्षक उदय प्रताप सिंह से वार्ता होती रहेगी। और कलाकारों को उनकी योग्यता के अनुसार काम मिलेगा। पवन सिंह से मुलाकात में भाजपा के नेता अमरेश सिंह, राहुल सिंह, निशांत सिंह, पंकज सानू इत्यादि शामिल थे।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के लाभुक को उपायुक्त ने सौंपी वाहन की चाबी

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के लाभुक शिवनंदन प्रसाद महतो को वाहन की चाबी सौंपी। शिवनंदन प्रसाद महतो तोपचांची में रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उन्हें व्यवसाय हेतु Force trveller वाहन उपलब्ध कराया गया है।

भाजयुमो का महाविद्यालय सम्मेलन संपन्न, लाइव जुड़े प्रधानमंत्री

युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

पलामू, (हि.स.)। भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा महाविद्यालय का सम्मेलन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा के वरीय नेता श्याम नारायण दुबे, नरेंद्र पांडेय, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी लाइव जुड़े रहे। सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमारा भारत विश्व का सबसे युवा देश है, क्योंकि हमारे देश में युवाओं की संख्या ज्यादा है। लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। 5 साल में एक बार हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है। सांसद ने कहा कि युवा मोर्चा के द्वारा पहली बार देश भर में 5 हजार स्थानों पर आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी जी जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश के लाखों युवाओं से एक साथ जुड़कर सीधा संवाद करना यह दशार्ता है कि हमारे प्रधानमंत्री हर वर्ग के साथ जुड़े रहते हैं। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आज मतदाता दिवस के अवसर पर नव मतदाताओं को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अवश्य मतदान करें एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। मोर्चा जिला अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि मतदाता दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा आज देश भर में युवाओं को मतदान का महत्व बताने के लिए नव मतदाता का सम्मेलन का आयोजन कराया जा रहा है। मोर्चा के द्वारा पलामू के पांचो विधानसभा में सम्मेलन का आयोजन कर युवाओं का सीधा संवाद प्रधानमंत्री मोदी जी से कराया जा रहा है।

हुसैनाबाद गोलीकांड में तीन आरोपित गिरफ्तार, एक फरार

पलामू। जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अमन चैन मोहल्ले में 24 जनवरी को हुई गोली चालन की घटना में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि एक आरोपित फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के औरंगाबाद जिले के माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव के रंजय कुमार पासवान और हुसैनाबाद के जपला निवासी रिशु पासवान उर्फ रिशु राज और दीपक कुमार सिंह शामिल हैं। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को बताया कि नशा करने के दौरान विवाद होने बाद गौतम सिंह को गोली मारने की योजना बनायी गई थी। घटना से पहले रंजय कुमार पासवान और रिशु पासवान गौतम के घर आकर नशा कर रहे थे। इसी बीच दीपक और विवेक वहां पहुंचे और गोली चलायी। इस संबंध में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक आरोपित विवेक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

विभिन्न खण्डों में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

धनबाद। धनबाद रेल मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 24.01.24 को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान कुल 1622 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 06 लाख 45 हजार 645 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 148 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

रेल प्रबंधक कार्यालय में रेलकर्मियों को दिलाई गई मतदाता शपथ

धनबाद। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक से कमल किशोर सिन्हा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'मतदाता शपथ' दिलाई गई। उन्होंने मताधिकार के महत्व को समझाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखते हुए तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

पलामू में 18-19 वर्ष के 60341 नए मतदाता का नाम जुड़ा

पलामू। 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

नवडीहा मुखिया के द्वारा कार्यकारिणी में वार्ड सदस्यों को दरकिनार करने लगा आरोप



गूमला। नवडीहा पंचायत के मुखिया राजकुमार भगत के द्वारा कार्यकारिणी में वार्ड सदस्यों को दरकिनार करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को वार्ड सदस्यों ने घाघरा बीडीओ के कार्यालय कक्ष पहुंच लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में वार्ड सदस्य ने बताया कि पंचायत की योजनाओं जैसे 15 वित्त आयोग या मनरेगा का क्रियान्वयन के लिए हम लोगों के साथ कोई भी कार्यकारिणी बैठक नहीं किया जाता है। और योजनाओं को मनमानी पूर्ण मुखिया राजकुमार भगत द्वारा चलाया जाता हैं। हम लोग के द्वारा कुछ भी कहा जाता है तो मुखिया राजकुमार भगत द्वारा कहा जाता है कि हम पंचायत के मालिक है। कुछ भी करेंगे तुम लोग को जो करना है करो जहां जाना है जाओ। पंचायत चुनाव के बाद हम लोग का कभी कोई बैठक नहीं हुआ केवल ग्राम सभा होता है। इतना ही नहीं सरकार द्वारा अबुवा आवास हेतु प्राथमिकता सूची बनाने में भी हम लोगों से पूछा तक नहीं गया। उपविकास आयुक्त गुमला पत्रांक नंबर 1203 की ग्राम दिनांक 10 /11/ 2023 के आलोक में पंचायत के सभी सम्मानित वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया के उपस्थिति में बैठक कर सही रूप से लागू कर प्राथमिकता सूची बनाना है। लेकिन हम लोगों को कभी सूचित नहीं किया गया और अकेले-अकेले मुखिया द्वारा प्राथमिकता सूचि तैयार किया गया है। उसे निरस्त कर पुण प्राथमिकता के अनुसार सूची एवं सभी वार्ड सदस्यों एवं उप मुखिया के हस्ताक्षर सहित सूची जमा किया जाए। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि लिखित आवेदन वार्ड सदस्यो द्वारा प्राप्त हुआ है जांच कराई जाएगी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वही आवेदन में हस्ताक्षर करने वालो में उप मुखिया विनीता कुमारी, वार्ड सदस्य तापू उरांव, हरी लाल सिंह, सिबेन देवी, संगीता देवी, मंगलेस्वर उराव, नतालिया मिंज, रामकुमार भगत वार्ड सदस्य के नाम शामिल है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने नए वोटर्स को बताया भाग्यशाली: रागिनी सिंह

देश में बढ़ रही तकनीकी क्रांति व विकास के प्रति नवमतदाताओं को जागरूक होना होगा

झरिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नमो नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने नए वोटर्स को भाग्यशाली बताया। पीएम मोदी को सुनकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। झरिया कतरास मोड़ स्थित जनता श्रमिक कार्यालय में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह छात्र छात्राओं के साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना।वहीं छात्र छात्राओं ने इस तरह की पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। भाजपा से जुड़े भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को छात्रों के बीच रखा. इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवमतदाताओं को वर्तमान समय और परिप्रेक्ष्य में भाग्यशाली बताया।आज देश में बढ़ रही तकनीकी क्रांति व विकास के प्रति नवमतदाताओं को जागरूक होना है और इसमें भागीदारी बढ़ चढ़कर लेना है। लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं तक पहुंचने के लिए एक बड़े पैमाने पर कार्यक्रम की यह रूपरेखा है।नमो नवमतदाता कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनने के बाद तकनीकी छात्र-छात्रा काफी उत्साहित नजर आए है . कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया विधानसभा भाजयुमो प्रभारी मानस प्रसून, उमेश यादव अखिलेश सिंह, संतोष सिंह अभिषेक पाण्डेय संतोष शर्मा दिलीप भारती स्वरूप भट्टाचार्य अरिंदम बनर्जी राज किशोर जैना रवि मिश्रा अवधेश साव राहुल सोनी चीकू महतो राहुल गुप्ता प्रेम नोनीया रघु राम शुभम गुप्ता यश झा प्रीतम रवानी अजय वर्मा शिक्षक में विनय कुमार, मनोज आचार्य, विकास सिंह, सुभम बनर्जी, सरिता कुमारी, मोहम्मद आबिद शाह सहित सैकड़ों की संख्या में युवा मतदाता एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

कार्यक्रम | जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

झरिया व धनबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय के सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान धनबाद एवं झरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं राजनीतिक दल भी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर लोगों को मतदान करने और उसकी प्रक्रिया के प्रति जागरुक करने के लिए मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन तैयार किया गया है। इसमें ईवीएम मशीन, वीवीपैट के साथ एलईडी टीवी भी है। यह सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर लोगों को ईवीएम, वीवीपैट की जानकारी देने के साथ साथ उनको मतदान करने के लिए जागरुक कर रही है।साथ ही उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के वैसे लोग जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा जिनका नाम मतदाता सूची से डिलीट हो गया है, वे प्रपत्र 6 भरकर बीएलओ को दे। बैठक में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी भी राजनीतिक दलों को दी गई। वहीं सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने का आग्रह किया गया।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन, प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के लक्खी सोरेन, मुकेश सिंह, आजसू के रतीलाल महतो के अलावा बीएसपी, आरजेडी, सीपीआइ (एम) के प्रतिनिधि मौजूद थे।

आईआईटी आईएसएम ने ईजाद की एग्रीकल्चर वेस्ट से बायोकोल तैयार करने की तकनीक

धनबाद। धनबाद स्थिति आईआईटी आईएसएम के इंजीनियरों ने एग्रीकल्चर के वेस्ट मैटेरियल से बायोकोल तैयार करने की तकनीक ईजाद किया है। इस बायोकोल का उपयोग करके स्टील प्लांट, थर्मल प्लांट में बड़े पैमाने पर कोल के जलने से उत्पन्न हो रहे कार्बन डाई ऑकसाइड को 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकेगा। संस्थान के केमिकल एंड इंजिनियरिंग डिपार्टमेंट में कार्यरत असिस्टेंट प्रो. इजाज अहमद ने बताया कि बायोकोल तैयार करने की इस मशीन की डिजायनिंग संस्थान में तैयार किया गया और फिर फेबीरकेटर के द्वारा मशीन बनाया गया। इसके लिए बकायदा टेंडर निकाला गया था। इस मशीन की कुल लागत 22 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश में 70 प्रतिशत लोग कृषि पर ही निर्भर हैं। ऐसे में इस मशीन को जगह जगह स्थापित कर-के बायोकोल तैयार किया जा सकता है। आज देश के सामने विकट स्थिति है कि पर्यावरण में तेजी से कार्बन डाई ऑकसाइड फैल रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप गलेसियर पिघल रहे हैं। जोकि मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है। बड़े पैमाने पर जब गलेसियर पिघलने लगेंगे तो इस पृथ्वी पर केवल पानी ही पानी होगा और मानव जीवन का अंत निश्चित है। ऐसे में कार्बन डाई ऑकसाइड के कम से कम उत्सर्जन पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बायोकोल बनाने के लिए एग्रीकल्चर से मिलनेवाला जो वेस्ट मैटेरियल जैसे घास-फुस, गन्ने का रस निकलने के बाद का जो वेस्ट है उससे तैयार किया जाता है। बायोकोल तैयार करने के लिए पहले वेस्ट मैटेरियल को मशीन के एक भाग में डाला जाता है। जहां के बाद मैटेरियल एक भाग से होकर फर्नीश तक पहुँचता है और फिर छह सौ डिग्री के तापमान में उसे जलाया जाता है और फिर उससे जो एश तैयार होता है।

मंदिर ढहाकर कब बनी मस्जिद पुरालेखों में भगवान शिव का नाम

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं कि जो बता रहे हैं कि वहां हिंदू मंदिर था। देवनागरी, ग्रंथा, तेलुगु, कन्नड़ के इंस्क्रिप्शन (पुरालेख) मिले हैं।

वाराणसी : श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट की नकल गुरुवार को पांच लोगों को मिल गई है। मुकदमे से संबंधित पक्षकारों ने गुरुवार को अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद एक होटल में जाकर प्रेस कांफ्रेंस की है। हिंदू पक्षकारों का दावा है कि एएसआई रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं जिससे हिंदू पक्ष का दावा मजबूत होता है।

एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पढ़ते हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं कि जो बता रहे हैं कि वहां हिंदू मंदिर था। देवनागरी, ग्रंथा, तेलुगु, कन्नड़ के इंस्क्रिप्शन (पुरालेख) मिले हैं। इसके अलावा जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के इंस्क्रिप्शन मिले हैं। रिपोर्ट में एक जगह महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई कह रहा है कि यह बहुत महत्वपूर्ण बात है।

एएसआई ने सर्वे के दौरान एक पत्थर पाया जो टूटा हुआ था। जदुनाथ सरकार की फाइंडिंग को सही पाया, जिसे 1669 में 2 सितंबर को मंदिर ढहाए गया। जो पिलर थे पहले के मंदिर के उनका इस्तेमाल किया गया है। जो तहखाना एस2 है, उसमें हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां मिली है।

विष्णु शंकर जैन ने बताया कि एएसआई रिपोर्ट में कहता है कि पश्चिमी दीवार एक हिंदू मंदिर का हिस्सा है। उसे आसानी से पहचाना जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 17वीं शताब्दी में मंदिर तोड़ा गया था, फिर उसे मस्जिद बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया। एएसआई ने रिपोर्ट में कहा है कि यहां मस्जिद से पहले हिंदू मंदिर का स्ट्रक्चर था। वहीं हिंदू पक्षकारों का कहना है कि अब सील वजूखाना की एएसआई सर्वे की मांग सुप्रीम कोर्ट से करेंगे।

सर्वे रिपोर्ट की बड़ी बातें

एएसआई ने 839 पन्ने की रिपोर्ट तैयार की है, जो बताती है कि मस्जिद से पहले वहां हिंदू मंदिर था। सर्वे में 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं, जो बताते हैं कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। एएसआई ने जदुनाथ सरकार के इस निष्कर्ष पर भरोसा जताया है कि 2 सितंबर 1669 को मंदिर ढहा दिया गया था। देवनागरी, ग्रंथा, तेलुगु, कन्नड़ में लिखे पुरालेख मिले हैं। जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के बारे में पुरालेख मिले हैं। एक जगह महामुक्ति मंडप लिखा है, जो अरक के मुताबिक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। मंदिर ढहाए जाने के बाद उसके स्तंभों का इस्तेमाल मस्जिद बनाने में किया गया। तहखाना एस2 में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां थीं। ज्ञानवापी की पश्चिमी दीवार एक हिंदू मंदिर का हिस्सा थी, उसे आसानी से पहचाना जा सकता है। तहखाने में मिट्टी के अंदर दबी ऐसी आकृतियां मिलीं, जो उकेरी हुई थीं। एक कमरे में अरबी और फारसी में लिखे पुरालेखों में मिले हैं, जो बताते हैं कि मस्जिद औरंगजेब के शासनकाल के 20वें वर्ष यानी 1667-1677 में बनी। सर्वे में जो पुरालेख मिले हैं, उनमें तीन नामों का जिक्र प्रमुखता से है- जनार्दन, रुद्र, उमेश्वर।

एएसआई की रिपोर्ट में 12 बड़े खुलासे

ज्ञानवापी विवाद की कहानी

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट बुधवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्ञानवापी में मंदिर का स्ट्रक्चर मिला है। इससे पहले ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया था। जिला जज ने वादी पक्ष को सर्वे रिपोर्ट दिए जाने का आदेश दिया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल कर दी थी। ज्ञानवापी विवाद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इसके नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था, लेकिन औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वा दिया। दावे में कहा गया है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर को तोड़कर उसकी भूमि पर किया गया है जो कि अब ज्ञानवापी मस्जिद के रूप में जाना जाता है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर यह पता लगाया जाए कि जमीन के अंदर का भाग मंदिर का अवशेष है या नहीं। साथ ही विवादित ढांचे का फर्श तोड़कर ये भी पता लगाया जाए कि 100 फीट ऊंचा ज्योतिर्लिंग स्वयंभू विश्वेश्वरनाथ भी वहां मौजूद हैं या नहीं। मस्जिद की दीवारों की भी जांच कर पता लगाया जाए कि ये मंदिर की हैं या नहीं। याचिकाकर्ता का दावा है कि काशी विश्वनाथ मंदिर के अवशेषों से ही ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण हुआ था। इन्हीं दावों पर पर अदालत ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करते हुए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) से सर्वे करवाया था।

अब तक क्या-क्या हुआ

काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी केस में 1991 में वाराणसी कोर्ट में पहला मुकदमा दाखिल हुआ था। याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी इसमें शामिल हैं। मुकदमा दाखिल होने के कुछ महीने बाद सितंबर 1991 में केंद्र सरकार ने पूजा स्थल कानून बना दिया। ये कानून कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था। लेकिन ज्ञानवापी मामले में इसी कानून का हवाला देकर मस्जिद कमेटी ने याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 1993 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टे लगाकर यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी मामले में स्टे ऑर्डर की वैधता केवल छह महीने के लिए ही होगी। उसके बाद ऑर्डर प्रभावी नहीं रहेगा। इसी आदेश के बाद 2019 में वाराणसी कोर्ट में फिर से इस मामले में सुनवाई शुरू हुई। 2021 में वाराणसी की सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट से ज्ञानवापी मस्जिद के पुरातात्विक सर्वेक्षण की मंजूरी दे दी। आदेश में एक कमीशन नियुक्त किया गया और इस कमीशन को 6 और 7 मई को दोनों पक्षों की मौजूदगी में श्रृंगार गौरी की वीडियोग्राफी के आदेश दिए गए। 10 मई तक अदालत ने इसे लेकर पूरी जानकारी मांगी थी। छह मई को पहले दिन का ही सर्वे हो पाया था, लेकिन सात मई को मुस्लिम पक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया। मामला कोर्ट पहुंचा। 12 मई को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सर्वे का काम रुकवाकर कमिश्नर को बदलने की मांग खारिज कर दी और 17 मई तक सर्वे का काम पूरा करवाकर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जहां, ताले लगे हैं, वहां ताला तुड़वा दीजिए। अगर कोई बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो उसपर कानूनी कार्रवाई करिए, लेकिन सर्वे का काम हर हालत में पूरा होना चाहिए। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे पर रोक लगाने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने से इनकार करते हुए कहा था कि हम बिना कागजात देखे आदेश जारी नहीं कर सकते हैं। अब मामले में 17 मई को सुनवाई होगी। 14 मई से ही ज्ञानवापी के सर्वे का काम दोबारा शुरू हुआ। सभी बंद कमरों से लेकर कुएं तक की जांच हुई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो और फोटोग्राफी भी हुई। 16 मई को सर्वे का काम पूरा हुआ। हिंदू पक्ष ने दावा किया कि कुएं से बाबा मिल गए हैं। इसके अलावा हिंदू स्थल होने के कई साक्ष्य मिले। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि सर्वे के दौरान कुछ नहीं मिला। हिंदू पक्ष ने इसके वैज्ञानिक सर्वे की मांग की। मुस्लिम पक्ष ने इसका विरोध किया। 21 जुलाई 2023 को जिला अदालत ने हिंदू पक्ष की मांग को मंजूरी देते हुए ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दे दिया। 24 जनवरी 2024 को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने वादी पक्ष को सर्वे रिपोर्ट दिए जाने का आदेश दिया था। 25 जनवरी 2024 को रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्ञानवापी में मंदिर का स्ट्रक्चर मिला है। इस पर हिंदू पक्ष ने खुशी जताई है।

अभी क्या स्थिति है?

मौजूदा समय ज्ञानवापी मस्जिद में प्रशासन ने केवल कुछ ही लोगों को नमाज पढ़ने की अनुमति दे रखी है। ये वो लोग हैं जो हमेशा से यहां नमाज पढ़ते आए हैं। इन लोगों के अलावा यहां किसी को भी नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं है। वहीं, मस्जिद से सटे काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ पहले के मुकाबले अब कहीं ज्यादा आने लगी है।

ज्ञानवापी में भी मिला मंदिर का ढांचा

वाराणसी : श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार की देर शाम को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्ञानवापी में मंदिर का स्ट्रक्चर मिला है। इस पर हिंदू पक्ष ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि बाबा मिल गए हैं। सर्वे रिपोर्ट से सब कुछ साफ हो गया। मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई, यह भी पता चल गया। अब हिंदुओं को पूजा-पाठ की अनुमति मिलनी चाहिए। दूसरी तरफ से मुस्लिम पक्ष ने कानूनी लड़ाई को आगे बढ़ाने का एलान किया है।

एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के शिलालेख मिले हैं। रिपोर्ट में महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई का कहना है कि यह मजबूत संकेत है।

एएसआई ने सर्वे के दौरान एक पत्थर पाया जो टूटा हुआ था। ऐसे में जदुनाथ सरकार की फाइंडिंग को सही पाया। 1669 में 2 सितंबर को मंदिर ढहाया गया था। जो पिलर थे पहले के मंदिर के उनका इस्तेमाल मस्जिद के लिए किया गया। जो तहखाना एस2 है, उसमें हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां थी। एएसआई कहता है कि पश्चिमी दीवार एक हिंदू मंदिर का हिस्सा है। उसे आसानी से पहचाना जा सकता है। 17वीं शताब्दी में मंदिर तोड़ा गया था। इसके बाद उसे मस्जिद के लिए इस्तेमाल किया गया। एएसआई कह रहा है कि यहां मस्जिद से पहले हिंदू मंदिर का स्ट्रक्चर था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन का कहना है कि अब सील वजूखाना की एएसआई सर्वे की मांग सुप्रीम कोर्ट से करेंगे। गुरुवार को ज्ञानवापी मामले से जुड़े पांच लोगों को एएसआई की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी मिली है। बता दें कि दोपहर में पक्षकारों ने इसके लिए प्राथना पत्र देकर आवेदन किया। इसके बाद से ही फोटो स्टेट की प्रक्रिया शुरू हुई। देर रात नौ बजे के बाद सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर का ढांचा मिला है।

मंदिर तोड़ कर बनाई गई मस्जिद

अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया। यह मांग अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से की गई थी। दूसरी तरफ मसाजिद कमेटी की सर्वे रिपोर्ट ई-मेल पर उपलब्ध कराने की मांग भी खारिज कर दी गई। दरअसल, जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने 23 जुलाई 2023 को ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दिया था। इसी आधार पर एएसआई की टीम ने सील वजूखाने को छोड़कर पूरे परिसर के सर्वे किया, फिर सीलबंद रिपोर्ट अदालत में दाखिल कर दिया। ज्ञानवापी से संबंधित मां श्रृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई 14 जुलाई को पूरी कर ली थी। इसके बाद पत्रावली को आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया था। जिला जज की अदालत ने 23 जुलाई को आदेश सुनाया। हिंदू और मुस्लिम पक्ष की मौजूदगी में अदालत ने रडार तकनीक एएसआई से सर्वे कराने का आवेदन मंजूर किया था। साथ ही, एएसआई के निदेशक को सर्वे कराने के लिए आदेशित किया था। अदालत ने कहा कि किसी तरह की क्षति पहुंचाए बगैर वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराया जाए। ज्ञानवापी मामले में अदालत ने एएसआई के निदेशक को चार अगस्त तक सर्वे के संबंध में रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट गया। जिसके बाद दोबारा चार अगस्त 2023 से सर्वे शुरू हुआ, जो दो नवंबर तक पूरा हो सका। 18 दिसंबर 2023 को सर्वे रिपोर्ट अदालत में दाखिल की गई थी। इसके बाद से ही हिंदू पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहा था। हिंदू पक्ष का कहना था कि सर्वे में हिंदू पक्ष की दलीलों को माना गया है। आज इस सर्वे रिपोर्ट के कुछ अंश सामने आए हैं जिनसे एक बार अयोध्या फैसले की याद दिला दी है। सर्वे में इस बात का दावा किया गया है कि मस्जिद के पहले यहां मंदिर था और उसकी संरचना के सबूत प्राप्त हुए हैं। हिंदू पक्ष के एक अन्य अधिवक्ता मानबहादुर सिंह ने कहा कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने से वैमनस्यता फैली। हिंदू पक्ष कलेजे पर पत्थर रखकर इसे सहन करता रहा। यह ऐतिहासिक साक्ष्य है कि आदि विश्वेश्वर का मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है।

अब चार अगस्त को होगी सुनवाई

मां श्रृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई अब चार अगस्त को होगी। नई तिथि पर एएसआई को सर्वे की टीम गठित करके सर्वे के संबंध में रिपोर्ट देनी है। बताना है कि सर्वे कब और कैसे किया जाएगा। सर्वे कितने दिन में पूरा किया जाएगा। सर्वे का समय क्या रहेगा।

अधिवक्ता जैन बोले- सर्वे से सब कुछ साफ

श्रृंगार गौरी के पूजा का अधिकार मांग रही चार महिलाओं लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास व रेखा पाठक की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने पक्ष रखा था। इस दौरान वजूखाने में हुए अधिवक्ता कमीशन की रिपोर्ट पेश की गई। अधिवक्ता की तरफ से कहा गया कि कमीशन की प्रक्रिया के दौरान शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। आकृति की एएसआई जांच का मामला सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। वजूखाने को सील किया गया है। ऐसे में उसके आसपास के क्षेत्र का एएसआई सर्वे किया जा सकता है। विष्णु जैन ने अदालत से कहा कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वे हो तो एक और शिवलिंग मिल सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ज्ञानवापी परिसर के पश्चिमी दीवार के पास खंडहरनुमा अवशेष, तीन गुंबद और व्यास जी के तहखाने की जांच एएसआई से रडार पद्धति से कराई जाए। विष्णुशंकर जैन ने सर्वे व हिंदू मंदिर के समर्थन में कई साक्ष्य व तथ्य भी अदालत के समक्ष रखे थे।

बैरिकेडिंग क्षेत्र का सर्वे

ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और सीता साहू ने बीते 16 मई को अदालत में आवेदन दिया था। कहा था कि ज्ञानवापी में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सील वजूखाने को छोड़कर वर्ष 1993 से जो क्षेत्र बैरिकेडिंग के अंदर है, उसका एएसआई से रडार तकनीक से सर्वे कराया जाए। आवेदन पर 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति की तो हिंदू पक्ष ने 22 मई को अपनी दलील रखी थी। सात जुलाई को जिला जज के अवकाश पर रहने के कारण 12 जुलाई की तिथि सुनवाई के लिए नियत की गई। हिंदू पक्ष ने आवेदन के निस्तारण पर बल दिया तो मस्जिद कमेटी ने आपत्ति के लिए समय मांगा और 14 जुलाई की तिथि सुनवाई के लिए नियत की गई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव भी अदालत में मौजूद रहे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला जज की अदालत ने 14 जुलाई को आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित रख ली थी। शुक्रवार को अपराह्न बाद जिला जज की अदालत ने मसाजिद कमेटी की आपत्ति को खारिज करते हुए हिंदू पक्ष का आवेदन स्वीकार करते हुए एएसआई से सर्वे का आदेश दिया था।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 26 जनवरी, 2024

मेष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

वृष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

कर्क : वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

सिंह : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शुभांक-2-5-6

कन्या : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य होने पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-6-7

तुला : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

वृश्चिक : स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनेगा। कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

धनु : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शुभांक-4-8-9

मकर : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8

कुंभ : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

मीन : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। नौकरी का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8



सूडोकू

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1



न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम साव बिलासपुर में फहराएंगे ध्वज

बिलासपुर। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य समारोह में प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान होगा। प्रातः 9.03 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। सवेरे 9.13 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। प्रातः 9.18 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9.48 बजे स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रातः 10.17 बजे शासकीय विभागों की झांकी निकाली जाएगाी। इसके पश्चात प्रातः 10.47 बजे जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। समारोह में 19 विभागों द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 90 कर्मचारियों को उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव सम्मानित करेंगे।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं ड्रेसर पदों पर दावा-आपत्ति 28 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरूष) एवं डेड्सर ग्रेड 1 के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जारी सूची पर 28 जनवरी शाम 5 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत किये जा सकते है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरूष) के लिए दावा-आपत्ति dressercmhobilaspur@gmail.com एवं ड्रेसर के लिए दावा-आपत्ति mpwcmhobilaspur@gmail.com के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। डाक द्वारा या अन्य किसी माध्यम से तथा निर्धारित तिथि समय सीमा पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। पात्र-अपात्र सूची पर दावा-आपत्ति मंगाये जाने की जानकारी जिले की वेबसाईट https://bilaspur.gov.in/ एवं www.cghealth.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

आदतन बदमाशों को तारबाहर पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीड़ित पंकज कुमार, पीयूस सूर्यवंशी, मुस्कान साहू एवं मनोरमा कुम्हार सभी प्रार्थी गणों को आरोपियों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर मारपीट के घटना किये हैं प्रार्थीगणों के रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना स्थल रेल्वे कालोनी, डीपुपारा एवं भारत माता स्कूल के पास मारपीट कर गाली करते हुए, हांथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये है। आरोपीगण फरार हो गये थे प्रार्थीगणों के रिपोर्ट पर आरोपी अंकुश यादव व पिन्टू यादव रेल्वे कंस्ट्रक्शन कालोनी छोटा ग्राउंड तारबाहर में उपस्थित होने की सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया जो अपराध करना स्वीकार किया है।

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिवाकर कुमार

थाना प्रभारी सतगावां
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पुरुषोत्तम सिंह

भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

कलेक्टर ने निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश, यात्रियों के ठहरने बनेगा रैन बसेरा

बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। तिफरा स्थित नए बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं का समुचित विकास किया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज इसका निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश निगम प्रशासन को दिए हैं। डीएमएफ मद से जरूरी राशि की मंजूरी दी जाएगी।यात्रियों के ठहरने के लिए रैन बसेरा,अंदर और बाहर पर्याप्त रोशनी, साफ पानी, सुरक्षा आदि तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की जाएंगी। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने आज रायपुर रोड पर तिफरा स्थित नये बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के लिए स्टैंड में उपलब्ध मौजूदा सुविधाओं का जायजा लिया। यात्रियों सहित यातायात बस महासंघ के पदाधिकारियों, ड्राइवरों और कंडक्टरों से चर्चा कर उनकी राय जानी। उनकी दिक्कतों को महसूस करते हुए कलेक्टर ने महिला व पुरुषों के लिए अलग अलग रैन बसेरा, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, सीसीटीवी सहित भवन के आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सुलभ शौचालय एवम् इसके संचालन की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने वाहनों की टिकट काउंटर का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रमुख शहरों के आने जाने की किराया सूची भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। किसी भी हालत में शासन द्वारा निर्धारित किराये से ज्यादा वसूली नहीं करने की हिदायत दी। स्टैंड पर शाम और रात में असामाजिक तत्वों को कड़े संदेश देने नियमित रूप से पुलिस की गश्त करने को कहा है। उन्होंने बस स्टैंड में उपलब्ध दुकानों, उनके आवंटन और आमदनी की जानकारी लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सूरज साहू,प्रभारी निगम आयुक्त श्री आर के जायसवाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवसः उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारी सम्मानित

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति करें मतदानः आईजी यादव

बिलासपुर/नवप्रदेश। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज जिला प्रशासन द्वारा कोनी स्थित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आई. जी. श्री अजय यादव ने कहा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हम सभी की सहभागिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान से लोगों में जागरूकता आई है। मतदान हेतु युवा वर्ग में जो जागरूकता आई है उससे न केवल उनके परिवार जागरूक होंगे अपितु समाज भी जागरूक होगा।

मुख्य अतिथि की आसंदी से आईजी श्री अजय यादव ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान तभी सार्थक है जब व्यक्ति स्वतंत्र रूप से मतदान के लिए आगे आये। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम '' थीम पर किया गया। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। हम अपने अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं रहते हैं। लोकतांत्रिक पद्धति को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा मतदान लोकतंत्र का आधार है। एक एक वोट से लोकतंत्र मजबूत बनता है। वोट देने का अधिकार हमें 18 साल इंतजार करने के बाद मिलता है।

कार्यक्रम में आईजी श्री यादव द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं युवा मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परम्परा बनाये रखने तथा निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विधानसभा से एक बीएलओ को 6 हजार रू. प्रोत्साहन राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार से अटल बिहारी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी श्री मनोज सिन्हा को सम्मानित किया गया। सभी रिटर्निंग आफिसर और सहायक रिटर्निंग आफिसर समेत अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही नये युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित गानों, नुक्कड़ नाटक, नृत्य और कविता की शानदार प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अजय अगवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव कुमार बनर्जी, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

उसलापुर आरओआर में गाड़ियों का परिचालन शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के क्रास मूमेंट की समस्या के समाधान, गाड़ियों का गतिशील परिचालन व समयबद्धता सुनिश्चित करते हुये गाड़ियों के संरक्षित परिचालन की दिशा में बेहतर कार्य करते हुये आधुनिक अधोसंरचना विकास के तहत बिलासपुर एवं उसलापुर स्टेशनों के मध्य 10.4 किमी लंबी आरओआर (रेल के ऊपर रेल) का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है 7 साथ ही दिनांक 23 जनवरी 2024 को दक्षिण पूर्व सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी श्री बी.के.मिश्रा द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जा चुका है तथा इस पर गाड़ियों का परिचालन कभी भी किया जाना संभावित है। रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षा और संरक्षा के लिए आम जनता से यह अनुरोध है एवं उन्हें सावधान किया जाता है कि वे इस रेलवे ट्रैक पर आवाजाही ना करें, इसके आसपास ना आएं, साथ ही अपने मवेशियों को भी उनकी सुरक्षा हेतु रेलवे ट्रैक से दूर रखें ।

एसईसीएल ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एडीएन वाजपेयी द्वारा कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं जीवन पर दिया गया व्याख्यान सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने श्री ठाकुर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहने का किया आह्वान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती एसईसीएल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एडीएन वाजपेयी द्वारा एक व्याख्यान के जरिये कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं जीवन पर प्रकाश डाला गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की श्री कर्पूरी ठाकुर एक जननेता थे जिन्होने समाज के पिछड़े एवं वंचित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने में एक बड़ी भूमिका निभाई। राजनीति में एक बड़ा स्थान हासिल करने के बावजूद वे हमेशा अपनी जड़ें से जुड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर के कथन, अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो, पग पग पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो÷ का ज़िक्र करते हुए कहा हम सभी को श्री ठाकुर के इस विचार से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में विभिन्न कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहना है।

शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं-लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की आराधना के बाद राजगीत से हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विधायक दिलीप लहरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा में प्रतिस्पर्धा जरूर होनी चाहिए। आप मे पटवारी तहसीलदार कलेक्टर बनने का जज्बा होना चाहिए। संघर्ष ही सफलता की नींव है। शिक्षा रूपी शस्त्र से ही बेहतर जीवन का निर्धारण किया जा सकता है। छात्र शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी गतिविधि में अपना रुचि रखें। उन्होंने यूनिवर्सिटी स्तर पर कॉलेज के विद्यार्थियों को परचम लहराने की बात कही। कॉलेज व छात्रों की मांग पर उन्होंने भव्य कॉलेज गेट बनाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि वैदिक महाविद्यालय के चेयरमेन व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान है इसे पकने दें। आप जीवन मे समय के महत्व को समझकर एक एक क्षण का सदुपयोग करें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य साधकर दृढ़संकल्प के साथ पढ़ाई कर माता पिता व संस्था को गौरवान्वित करें। उन्होंने तत्कालीन सीएम को छात्रों के एम कॉम व एमएससी की मांग को पूरा करने धन्यवाद ज्ञापित किया। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में युवावों का योगदान अहम है। इन्होंने भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला। जिला पंचायत सभापति राहुल सोनवानी ने जीवन मे अनुशासन व जीवन को सार्थक बनाने के लिए समय के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमंतपाल धृतलहरे व आभार उपप्राचार्य प्रो नीना वखारिया ने किया। इस दौरान विधायक के सुपुत्र अरविंद लहरिया भी अतिथि के रूप में मनचं पर उपस्थित रहे।

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्तम सिंह

मुखिया ग्राम पंचायत मरचोई सह
मुखिया संघ अध्यक्ष

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्योति देवी

पंचायत समिति सदस्य शिवपुर,
निवेदकः शैलेश पासवान सहायक अध्यापक
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ओम प्रकाश बड़ाईक

प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीतू कुमारी

जिला परिषद सदस्य
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ सत्य नारायण भकत

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
सतगावां, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिता देवी

मुखिया ग्राम पंचायत बासोडीह
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गंगीया देवी

मुखिया ग्राम पंचायत अम्वाबाद
प्रखण्ड - सतगावां, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महेंद्र वर्मा

वरिष्ठ भाजपा नेता
डोमचांच, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शंकर कुमार विद्यार्थी

सीओ बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

धीरज कुमार

बीडीओ बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कमलेश राय

थाना प्रभारी, बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमरेंद्र कुमार

थाना प्रभारी, ठाकुरगांव

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. ईशानी सिंह

प्रभारी, सीएचसी बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेन्द्र कुमार सिंह

वनक्षेत्र पदाधिकारी, बुढ़मू,

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हरदेव साहु

उपप्रमुख, बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जुलफान खान

समाजसेवी, ईचापीरी,

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ईदू खान

अध्यक्ष अंजुमन कमेटी चकमे

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय लोहरा

समाजसेवी, बुढ़मू,

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामवृत मुंडा

मुखिया, चकमे पंचायत

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गंगोत्री देवी

मुखिया, बुढ़मू पंचायत

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमजद खान

समाजसेवी, ईचापीरी

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनीष पाण्डेय

समाजसेवी, महुवाखुरा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार

समाजसेवी, आरा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

परिबा साहु

समाजसेवी, बसरी

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रोहित भगत

बीएसओ, बुढ़मू,

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनवर अंसारी

समाजसेवी, बुढ़मू

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शोभा देवी

मुखिया ग्राम पंचायत डगरनवां
प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महावीर प्रसाद वर्मा

प्राधानाध्यापक - भारती उच्च विद्यालय नावाडीह एक
प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिथलेश प्रसाद वर्मा

प्राधानाध्यापक - रामानन्द सागर शिक्षा निकेतन
ग्राम - नावाडीह, थाना - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पिंटू कुमार साव

प्राधानानाध्यापक - ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल
ग्राम - नावाडीह, प्रखंड - मरकच्चो , जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सिकन्दर प्रसाद वर्मा

पँचखेरो जलाशय अध्यक्ष सह वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम - पुनर्वास अरकोशा, प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा, (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अब्दुल्ला खान

थाना प्रभारी मरकच्चो,
जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रिंकू उर्फ रवि कुमार सिंह

20 सूत्री अध्यक्ष झारखंड सरकार
निवेदक - रानी सिंह, प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ विजय कुमार बर्णवाल

बर्णवाल क्लिनिक सह वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम - दरदाहि, प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा, (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

टीपन पांसी

मुखिया ग्राम पंचायत तेलोडीह
प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत - नावाडीह, प्रखंड - मरकच्चो, जिला - कोडरमा (झारखंड)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पुष्पा देवी

मुखिया ग्राम पंचायत थाम
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश भुईयां

युवा समाजसेवी छतारा बेंदी
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मंजू देवी

प्रखंड प्रमुख चंदवारा

निवेदक
विजय मोदी
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दुलारी देवी

मुखिया ग्राम पंचायत बेंदी

निवेदक
वजीर भुईयां
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अशोक कुमार भारती

अंचलाधिकारी चंदवारा
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल दास

युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह
विधायक प्रतिनिधि
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमिताभ चौधरी (बबलू भईया)
भावी विधायक उम्मीदवार
कोडरमा विधानसभा
कोडरमा, झारखंड

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उदय कुमार यादव
प्राचार्य प्लस टू उच्च विद्यालय
कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप कुमार
सहायक विद्युत अभियंता/SDO
विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कोडरमा & डोमचांच

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुंशी यादव
निर्देशक अप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल
कटिया परसाबाद, जयनगर

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्जुन रविदास
शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक
परसाबाद, जयनगर

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वीरेंद्र पांडे
जिला अध्यक्ष झामुमो
कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मो. नसीम
राष्ट्रीय जनता दल नगर अध्यक्ष
झुमरी तिलैया, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उप मंत्री नरेंद्र झाझंरी
श्री दिगंबर जैन समाज
झुमरीतिलैया, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्णा यादव
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय यादव सेना युवा प्रदेश अध्यक्ष

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मेसर्स श्री महावीर मेडिकल एंड सर्जिकल

श्री महावीर ज्वेलर्स

राजगढ़िया रोड, नियर जैन धर्मशाला, झुमरी तिलैया कोडरमा
मो, 8757218975, 7739248458

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सईद नसीम
युवा कांग्रेस नेता
कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश कुमार
भावी डोमचांच नगर पंचायत उम्मीदवार

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चंदन कुमार बर्नवाल
प्राचार्य इंडियन पब्लिक स्कूल
कटिया परसाबाद, जयनगर

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रोहित मेहता
राजद प्रदेश महासचिव
कोडरमा डोमचांच

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुजीत कुमार
डोमचांच नगर अध्यक्ष के भावी उम्मीदवार

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजकुमार यादव
विधायक प्रतिनिधि चंदवारा

उमा शंकर अकेला यादव
निवेदन समिति सभापति सह बरही विधायक

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्येंद्र यादव
समाजसेवी सह शिक्षक बेंदी (भीतिया)
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जानकी प्रसाद यादव
पूर्व विधायक सह आवास बोर्ड पूर्व अध्यक्ष
बरकट्ठा विधानसभा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रभात कुमार
युवा समाजसेवी बेंदी (भीतिया)
प्रखण्ड - चंदवारा, जिला - कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेंद्र कुमार राणा
थाना प्रभारी जयनगर
कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामदेव यादव
निर्देशक आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय
बाघमारा, जयनगर

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सोनिया यादव
निर्देशिका अभिषेक मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल
स्टेशन रोड परसाबाद, जयनगर

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आर अंसारी
समाजसेवी
स्टेशन रोड परसाबाद, जयनगर

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

फरीदा खातून
मुखिया गरगी पंचायत
जयनगर, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उपेंद्र कुमार राणा
प्राचार्य तिलोकरी हाई स्कूल
जयनगर, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुस्ताक खान
निर्देशक नेशनल पब्लिक स्कूल
स्टेशन रोड परसाबाद, जयनगर, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र भाई मोदी
प्रोपराइटर पथिक समीधा जयनगर सह प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा
जयनगर, कोडरमा

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गौतम कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
जयनगर, कोडरमा

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटुआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)